य एषु सुप्तेषु जागर्ति

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, शुक्रवार, 07 जून, 2024 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, संवत् 2081

वर्ष : 19 | अंक : 314 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित




वार्नर और स्टोइनिस के अर्धशतक ऑस्ट्रेलिया की जीत से शुरुआत
@स्पोर्ट्स &गेमिंग



दुनिया में हर चौथा बच्चा गंभीर रूप से खाद्य गरीबी का शिकार
@इंडिया&वर्ल्ड



वन्यजीवों को तड़पते देख शुरू की मुहिम, बन गए 20 वाटर पॉइंट
@05

## कैसी होगी नई सरकार | भाजपा के मैराथन मंथन में फॉर्मूले पर हुआ विचार

# 'टॉप-4' पर समझौता नहीं

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में आज मोदी चुने जाएंगे नेता

### निर्वाचित सांसदों की सूची सौंपी, आदर्श आचार संहिता समाप्त

नवनीत मिश्र
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र में नई सरकार के गठन के लिए एनडीए सहयोगियों का समर्थन जुटाने के बाद भाजपा ने गठबंधन सरकार के फॉर्मूले पर गुरुवार को मैराथन मंथन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर भाजपा नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित कई अन्य नेताओं की सुबह 10.30 बजे से लेकर रात तक कई दौर की बैठक चली। बैठक में भाजपा और सहयोगियों के बीच मंत्री पदों के बंटवारे से लेकर शपथ की तैयारी तक पर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि 'टॉप-4' यानी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) के अंतर्गत आने वाले गृह, रक्षा, वित्त और विदेश मंत्रालयों को भाजपा अपने पास रखेगी। अन्य मंत्रालयों पर ही सहयोगी दलों से समझौता किया जा सकता है।

संसद भवन के सेंट्रल हॉल में शुक्रवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक में गठबंधन के नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर औपचारिक मुहर लगेगी। इसके बाद सभी दलों के शीर्ष नेता राष्ट्रपति भवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। शेष@पेज04



**किसे क्या मिले :** गठबंधन में कैबिनेट के लिए फॉर्मूले पर चिंतन। फाइल फोटो

### चार सांसदों पर एक मंत्री पद की मांग

**टीडीपी** सूत्रों का कहना है कि उनकी पार्टी चार सांसदों पर एक मंत्री पद चाहती है। 16 सांसदों वाली टीडीपी को इस हिसाब से चार मंत्री पद चाहिए। टीडीपी एक कैबिनेट और तीन राज्य मंत्री पद पर दावा ठोक रही है। इस फॉर्मूले पर देखें तो नीतीश कुमार तीन और चिराग पासवान की एलजेपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दो-दो मंत्री पद पर दावा बन रहा है। हालांकि, भाजपा इस फॉर्मूले से सहमत नहीं है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा सभी प्रमुख सहयोगियों को दो-दो मंत्री पद देना चाहती है, जिनमें एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री का पद होगा।

### किस मंत्रालय पर किसकी नजर

**नीतीश** कुमार का मुख्य फोकस रेल मंत्रालय पर है तो टीडीपी कृषि मंत्रालय चाहती है। खुद को किसानों की पार्टी का हवाला देते हुए जयंत चौधरी की भी नजर कृषि मंत्रालय पर है। लेकिन, दो सांसदों वाली रालोद को कृषि जैसा मंत्रालय देने को भाजपा तैयार नहीं है। शेष@पेज04

### भाजपा के सहयोगी 14 दलों के पास 53 सीट

| | | | |
|---|---|---|---|
| टीडीपी | 16 | आजसू | 1 |
| जदयू | 12 | हम | 1 |
| शिवसेना (शिंदे) | 7 | एनसीपी | 1 |
| एलजेपी | 5 | अपना दल(एस) | 1 |
| जेडीएस | 2 | एजीपी | 1 |
| रालोद | 2 | एसकेएम | 1 |
| जनसेना | 2 | यूपीपीएल | 1 |

### 'अग्निवीर' की समीक्षा जरूरी : जेडीयू-एलजेपी

**एनडीए** की सरकार बनने से पहले ही सहयोगियों की प्रेशर पॉलिटिक्स तेज हो गई है। घटक दलों के बयान मीडिया की हेडलाइंस भी सेट करने लगे हैं। जदयू और एलजेपी ने सेना में भर्ती वाली अग्निपथ योजना की समीक्षा की मांग उठाई है। माना जा रहा है कि इससे आगामी दिनों में बनने जा रही एनडीए सरकार में इस योजना को आगे जारी रखने पर गतिरोध उत्पन्न हो सकता है।

जदयू महासचिव केसी त्यागी ने गुरुवार को कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर भारी विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर दोबारा विचार करने की जरूरत है। वहीं उन्होंने समान नागरिक संहिता पर कहा कि इसमें सभी हितधारकों को साथ लेकर उनके विचारों को समझने की जरूरत है। इस पर हमारा रूख पहले जैसा है। उधर, एलजेपी मुखिया चिराग पासवान ने भी अग्निपथ स्कीम की समीक्षा पर जोर दिया। शेष@पेज04

स्पीकर पद पर भी हो सकती है खींचतान@पेज02

### एनडीए सरकार गठन से पहले कांग्रेस का हमला

## कांग्रेस ने बताया 'स्टॉक मार्केट स्कैम', हो जेपीसी जांच



शेयर मार्केट की गिरावट के बारे में बताते राहुल गांधी।

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और एग्जिट पोल करने वालों पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पांच लाख छोटे निवेशकों के 30 लाख करोड़ रुपए डुबोने के लिए मोदी-शाह और एग्जिट पोल जिम्मेदार हैं। इस आपराधिक कृत्य की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच होनी चाहिए। राहुल ने नतीजों से एक दिन पहले शेयर मार्केट में रेकॉर्ड बढ़ोतरी और नतीजे वाले दिन रेकॉर्ड गिरावट को बड़ा घोटाला बताया है। राहुल ने गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि यह साफ है कि घोटाला हुआ है। शेष@पेज04



5 जून को प्रकाशित खबर

### गुमराह कर रहे हैं राहुल: गोयल

**भाजपा** नेता पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल गांधी ने हमारे नेताओं पर अनाप-शनाप आरोप लगाए हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि लोकसभा चुनाव में हार की हताशा से उबर नहीं पाए हैं। अब राहुल गांधी मार्केट के इंवेस्टर्स को भी गुमराह करने की साजिश रच रहे हैं। विस्तृत@02

### राहुल ने समझाई क्रोनोलॉजी

- **13 मई:** गृहमंत्री अमित शाह ने इंटरव्यू में 4 जून को चुनाव के नतीजे के दिन शेयर बाजार में उछाल का दावा करते हुए निवेश के लिए कहा।
- **19 मई:** पीएम मोदी ने भी बाजार में उछाल का जिक्र करके शेयर खरीदने की सलाह दी। वित्त मंत्री ने भी बाजार में उछाल की बात कही।
- **31 मई:** शेयर बाजार में भारी खरीदारी।
- **1 जून:** चैनलों पर भाजपा को जिताने वाले एग्जिट पोल आए।
- **3 जून:** शेयर मार्केट में रेकॉर्ड उछाल।
- **4 जून:** चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और शेयर मार्केट डूब जाता है।

### चुनाव अपडेट

- **भाजपा का साथ नासमझी : यादव:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा के साथ जाने वाले दलों को उनकी नासमझी बताया है। उन्होंने कहा कि सरकारें बनती हैं तो गिरती भी हैं। आज जो भाजपा के साथ जाकर नासमझी दिखा रहे हैं, वो भी भाजपा के इतिहास को समझते हुए भविष्य में अपनी पार्टी के टूटने की आशंका से ग्रस्त हैं।
- **आप अकेली लड़ेगी दिल्ली का चुनाव:** लोकसभा चुनाव में दिल्ली में सभी सीटें हारने के बाद आप के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर गुरुवार को बैठक के बाद कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए ही था, विधानसभा चुनाव पार्टी अकेले लड़ने जा रही है। समीक्षा के लिए यह बैठक बुलाई गई थी।
- **सीडब्ल्यूसी की बैठक कल:** चुनाव नतीजों के बाद पहली बार कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक शनिवार सुबह 11 बजे होने वाली है। इसमें आगे की रणनीति के साथ महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों पर चर्चा हो सकती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए राहुल गांधी को कहा जा सकता है। सोशल मीडिया पर इसका अभियान चल रहा है। शेष@पेज04

### चंडीगढ़ एयरपोर्ट
## कंगना को चैकिंग के दौरान महिला जवान ने मारा थप्पड़



**चंडीगढ़@पत्रिका.** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा के टिकट पर जीतीं अभिनेत्री कंगना रनौत को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ की महिला जवान कुलविंदर कौर ने थप्पड़ मार दिया। वह किसान आंदोलन के दौरान किसानों व महिलाओं के खिलाफ कंगना से बयान से नाराज थी। उसे हिरासत में ले लिया गया। कुलविंदर ने उनकी तलाशी के बाद उन्हें यह कहते हुए थप्पड़ मार दिया कि ये कहती हैं कि पंजाब की महिलाएं पैसों के लिए आंदोलन में शामिल होती हैं।

## न्यूज विंडो

### एच5एन2 वैरिएंट से दुनिया में पहली मौत

**जिनीवा@ पत्रिका.** डब्ल्यूएचओ ने दुनिया में बर्ड फ्लू के एच5एन2 वैरिएंट से पहली बार इंसान की मौत की पुष्टि की है। मौत अप्रेल में मैक्सिको में हुई थी। बर्ड फ्लू से संक्रमित 59 साल के व्यक्ति को पहले से किडनी, मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां थीं।

### जेईई एडवांस का परिणाम 9 जून को

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** जेईई एडवांस का परिणाम नौ जून को जारी किया जाएगा। परिणाम के अगले दिन से आइआइटी, एनआइटी, ट्रिपलआइटी और जीएफटीआइ में प्रवेश के लिए जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। काउंसलिंग के पांच राउंड 26 जुलाई तक चलेंगे। पहली बार काउंसलिंग ऑनलाइन होगी।

### हिमाचल को आदेश, दिल्ली को दे पानी

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** दिल्ली में जारी जल संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश द्वारा छोड़े पानी के प्रवाह को हरियाणा सुगम बनाए रखने में मदद करे, ताकि यह राजधानी तक पहुंच सके।

## झरोखा




**मौसम :** एमपी में आंधी, राजस्थान में तेज हवाएं

## दिल्ली से महाराष्ट्र तक 5 दिन मूसलाधार बारिश के आसार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी के बीच अगले पांच दिन कई राज्यों में तेज आंधी और बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग (आइएमडी) के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से चलने वाली तेज हवाओं और असम के ऊपर बन रहे चक्रवात के कारण पूर्वोत्तर के राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है।

पश्चिमी विक्षोभ का असर देश के उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में भी दिखाई देगा। आइएमडी के मुताबिक सात जून को जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में मौसम खुशनुमा बना रहेगा। वहीं उत्तर पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर भी चक्रवात का असर दिखाई दे रहा है। इससे अगले तीन से चार दिन तक प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर जारी ने रहने की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चल सकती हैं। इसी के साथ छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, झारखंड और गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल में दो-तीन दिन तक बारिश का दौर जारी रह सकता है।

### दक्षिणी राज्यों में भी हो सकती है झमाझम

**महाराष्ट्र** और दक्षिण के राज्यों में मूसलाधार बारिश की संभावना है। कोंकण, गोवा और महाराष्ट्र में सात से 10 जून के दौरान भारी बारिश हो सकती है। कर्नाटक के अंदरूनी इलाकों, केरल और माहे में 7 से 9 जून तक, तटीय कर्नाटक में 8, 9 और 10 जून को, आंध्र प्रदेश के तटीय इलाके में 9 और 10 जून को, तेलंगाना में 10 जून को और रायलसीमा में 7 जून को भारी बारिश हो सकती है।

**विजेताओं का विश्लेषण :** शिवसेना के 71% और कांग्रेस के 49% नए सदस्यों के खिलाफ केस

## इस बार सबसे ज्यादा 251 नवनिर्वाचित सांसद दागी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** नवनिर्वाचित 543 सांसदों में से 251 (46%) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 27 को दोषी ठहराया जा चुका है। भाजपा के सबसे ज्यादा 94 सांसद दागी हैं। नई लोकसभा के गठन की तैयारियों के बीच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने चुनाव जीतने वाले सभी उम्मीदवारों के हलफनामों की विश्लेषण रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक इस बार के लोकसभा चुनाव में अब तक के सबसे ज्यादा दागी प्रत्याशी चुने गए। इससे पहले 2019 में यह संख्या 233 (43%), 2014 में 185 (34%), 2009 में 162 (30%) और 2004 में 125 (23%) थी। शेष@पेज04

### कितने नवनिर्वाचित दागी

| पार्टी | विजेता | आपराधिक मामले वाले | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 240 | 94 | 39% |
| कांग्रेस | 99 | 49 | 49% |
| सपा | 37 | 21 | 57% |
| टीएमसी | 29 | 13 | 45% |
| डीएमके | 22 | 13 | 59% |
| टीडीपी | 16 | 08 | 50% |
| शिवसेना | 07 | 05 | 71% |

### 504 करोड़पति

**एडीआर** की रिपोर्ट के मुताबिक 504 (93%) नवनिर्वाचित सांसद करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा 227 करोड़पति भाजपा के हैं। कांग्रेस 92 करोड़पतियों के साथ दूसरे नंबर पर है। चुनावी हलफनामे में इन सभी की संपत्ति एक करोड़ से ज्यादा है। हर विजेता उम्मीदवार के पास औसतन 46.34 करोड़ रुपए की संपत्ति है। भाजपा के सभी 240 विजेता उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 50.04 करोड़ रुपए है।



### तीन सबसे अमीर



1. डा. चंद्रशेखर पेम्मासानी — 5,705 — तेदेपा, (आंध्र प्रदेश)
2. कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी — 4,568 — भाजपा, (तेलंगाना)
3. नवीन जिंदल — 1,241 — भाजपा, (हरियाणा)

संपत्ति (करोड़ रुपए)

### कितनी संपत्ति

विजेता / प्रतिशत

| | विजेता | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 10 करोड़ रुपए से ज्यादा | 227 | 42% |
| 5 करोड़ से 10 करोड़ रुपए | 103 | 19% |
| 1 करोड़ से 5 करोड़ रुपए | 174 | 32% |
| 20 लाख से 1करोड़ रुपए | 35 | 6% |
| 20 लाख रुपए से कम | 4 | 1% |

### कर्नाटक हाईकोर्ट
## महिला के मां बनने के लिए हत्यारे पति को 30 दिन का पैरोल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक महिला की याचिका पर फैसला सुनाते हुए हत्यारे पति को संतान पैदा करने के लिए 30 दिन का पैरोल दे दिया। महिला ने याचिका दाखिल कर कहा था कि हत्या के मामले में उसके पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। ऐसे में उसे बच्चे के अधिकार से वंचित रखा जा रहा है।

जस्टिस एस.आर. कृष्ण कुमार ने सुनवाई के बाद याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पति को 30 दिन के पैरोल पर रिहा कर दिया। इस दौरान पति को हर सप्ताह थाने में हाजिरी दर्ज करानी होगी। पैरोल के बाद दोषी अगर जेल जाने से बचता है तो स्थानीय पुलिस की जिम्मेदारी उसे जेल तक पहुंचाने की होगी।

गौरतलब है कि इसी न्यायालय की पीठ ने दोषी को शादी के लिए 15 दिन की पैरोल दी थी। दोषी अभी तक पांच साल और 1 माह की सजा काट चुका है।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**झारखंड**

### कांस्टेबल ने एएसआइ को मारी गोली

**रांची@पत्रिका.** झारखंड के लोहरदगा जिले में बुधवार रात कांस्टेबल अनंत सिंह मुंडा ने एएसआइ धर्मेंद्र सिंह की कथित तौर पर इंसास राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों के बीच मामूली बात पर विवाद हुआ था। वे दो अन्य लोगों के साथ किराए के मकान में रहते थे।



**चीनी वीजा घोटाला**

### कार्ति चिदंबरम को नियमित जमानत

**नई दिल्ली@पत्रिका.** दिल्ली की कोर्ट ने कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को चीनी वीजा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नियमित जमानत दे दी। आरोप है कि 263 चीनी नागरिकों को वीजा के लिए 50 लाख रुपए की रिश्वत ली गई। उस समय कार्ति के पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृहमंत्री थे।

**असम**

### आठ करोड़ की नशीली गोलियां जब्त

**गुवाहाटी@पत्रिका.** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में आठ करोड़ रुपए की 40 हजार 'याबा' गोलियों के साथ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। याबा में नशे की लत लगाने वाला मेथामफेटामाइन और कैफीन होता है। पुलिस ने एक वाहन से तलाशी के दौरान गोलियां जब्त कीं।

**सबसे बढ़ी चिंता** | लगातार घटती जन्म दर को लेकर जोड़ों को मिलाने की पहल

# आबादी बढ़ाने के लिए जापान सरकार शुरू करेगी डेटिंग ऐप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**टोक्यो.** जापान में लगातार घटती आबादी से चिंतित जापान सरकार जल्द अपना डेटिंग ऐप लॉन्च करेगी। जापान में नगरपालिकाओं की तरफ से मैच मेकिंग कार्यक्रम पहले से चलाए जा रहे हैं, लेकिन यह पहला मौका है, जब जोड़ों को मिलाने के लिए सरकारी ऐप शुरू किया जा रहा है।

द जापान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक यह पहल राष्ट्रीय जन्म दर को बढ़ावा देने की सरकारी कोशिशों का हिस्सा है। ऐप से जुड़ने के लिए यूजर्स को कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी। उन्हें यह साबित करने के लिए दस्तावेज जमा करने होंगे कि वे कानूनी रूप से सिंगल हैं। उन्हें शपथ पत्र पर दस्तखत करने होंगे कि शादी के लिए तैयार हैं। सालाना इनकम के प्रूफ के तौर पर टैक्स सर्टिफिकेट देना होगा। पहचान की पुष्टि के लिए यूजर्स का इंटरव्यू भी होगा।

**यूजर्स को देना होना सिंगल होने के साथ सालाना इनकम का प्रूफ**



### पार्टनर खोजने को मिलेगा प्रोत्साहन

**टोक्यो** सरकार के नए ऐप के प्रभारी अधिकारी ने कहा, हमें पता चला है कि शादी के इच्छुक 70 फीसदी लोग किसी इवेंट या ऐप से जुड़कर पार्टनर की तलाश नहीं कर रहे हैं। हम उन्हें पार्टनर खोजने के लिए धीरे-धीरे आगे बढ़ाना चाहते हैं। एक्स के मालिक और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने जापान के इस कदम की तारीफ करते हुए एक्स पर पोस्ट में कहा, हमें समाज के रूप में अपनी जन्म दर बढ़ानी चाहिए।

### जन्म के मुकाबले मौतें दोगुना से ज्यादा

**पिछले** साल जापान में शिशुओं के जन्म के मुकाबले दोगुना से ज्यादा मौतें दर्ज की गईं। लगातार आठवें साल जन्म दर 5.1% की गिरावट के साथ 7,58,631 पर आ गई, जबकि मौतों की संख्या 15,90,503 थी। पीएम फुमियो किशिदा ने आबादी बढ़ाने के लिए परिवारों को वित्तीय सहायता और ज्यादा छुट्टियों का वादा किया है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट :** चेतावनी के लिए साधारण शब्दों के इस्तेमाल की सलाह

## 'बच्चों पर बुरा असर... सैन्य ठिकानों पर देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसे संदेश ठीक नहीं'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रयागराज.** इलाहाबाद हाईकोर्ट कहा है कि सैन्य प्रतिष्ठानों के बाहर साइनबोर्ड पर 'देखते ही गोली मार दी जाएगी' और 'घुसपैठियों को गोली मार दी जाएगी' जैसे संदेश उचित नहीं हैं। ऐसी चेतावनी के लिए सशस्त्र बलों को साधारण शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए।

एक मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस शेखर कुमार यादव ने कहा कि 'देखते ही गोली मार दी जाएगी' जैसी भाषा का राहगीरों, खासकर बच्चों पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे संदेशों में 'सख्त कार्रवाई की जाएगी' जैसी भाषा में लिखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा, जहां सेना के प्रतिष्ठान सार्वजनिक स्थान पर हैं, वहां बच्चे आते-जाते रहते हैं। इसलिए इस तरह के संदेश लिखने में सावधानी बरतनी चाहिए।

### वायुसेना ने दिया हलफनामा

**वायुसेना** ने हलफनामे में बताया कि पठानकोट व उरी हमले के बाद रक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाने के कई कदम उठाए गए। इसी के तहत सैन्य प्रतिष्ठानों के बाहर यह संदेश लिखे गए।

### यह है मामला

**कोर्ट** एक नेपाली नागरिक की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा था। आरोप है कि वह नशे में वायुसेना स्टेशन में घुस गया था। उसके वकील ने बताया कि वह अनपढ़ व्यक्ति है। उसका गलत इरादा नहीं था। कोर्ट ने उसे जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।



यूपी की जनता ने पूरे देश को ठोस संदेश दिया

मुझे गर्व है यूपी की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराई और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया। यूपी की जनता ने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है कि जनता के मुद्दे सर्वोपरि हैं।
**प्रियंका गांधी**, कांग्रेस महासचिव

**लोकसभा :** महिलाओं की 33% भागीदारी का सपना अभी अधूरा

# सबसे बड़ी पंचायत में कब मिलेगा 'आधी आबादी' को पूरा हक?

## इस बार निर्वाचित महिलाएं 13.63%
## पिछली बार की तुलना में 4 कम...

**कानाराम मुण्डियार**
patrika.com

आजादी के 76 साल के बाद भी देश की सबसे बड़ी पंचायत में 'आधी आबादी' को पूरा हक नहीं मिल पाया है। हाल ही में 18वीं लोकसभा के लिए भी चुनाव संपन्न हुए, जिनमें नारी शक्ति की भागीदारी का आंकड़ा 13.63 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया है। जबकि अब तक विभिन्न दलों से केंद्र की सरकार में विभिन्न मंत्री पद ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति पद पर भी महिलाएं जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। इस चुनाव में 74 महिला सांसद चुनी गई हैं, जिनमें 43 नए चेहरे हैं, जो पहली बार निचले सदन यानी लोकसभा में अपनी भागीदारी निभाएंगे। पिछले चुनाव से इस बार 4 महिला कम निर्वाचित हुई हैं। निचले सदन की कुल 543 सीटों की संख्या के लिहाज से इस बार निर्वाचित महिलाओं की भागीदारी 13.63% ही है, जो 33 प्रतिशत हिस्सेदारी से काफी दूर है। पिछले कुछ सालों में इस दिशा में प्रयासों की बातें तो खूब हुई पर अमल में नहीं लाई जा सकीं। इसलिए महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ने की गति धीमी रही। वर्ष 2024 का चुनाव ऐसे समय हुआ जब संसद में नारी वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) पारित हो चुका है। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में राजनीति के हर स्तर पर महिलाओं की 33 प्रतिशत की भागीदारी सुनिश्चित होगी।



### मिसाल पेश करने से चूके राजनीतिक दल

**नारी** वंदन अधिनियम की पालना देश में लोकसभा सीटों के नए परिसीमन के बाद होनी है। इसका फायदा अगले यानी 2029 के चुनाव में दिखेगा। हालांकि राजनीतिक दल चाहते तो 2024 के इस चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत से अधिक टिकट देकर लैंगिक समानता के लिए मिसाल पेश कर सकते थे, लेकिन वे यह मौका चूक गए। ऐसे में इस बार के सदन में भी लैंगिक समानता की तस्वीर नहीं दिखेगी।

### दलों से निर्वाचित महिला सांसद

| | |
|---|---|
| भाजपा | 31 |
| कांग्रेस | 13 |
| टीएमसी | 11 |
| सपा | 05 |
| डीएमके | 03 |
| एलजेपी(आरवी) | 02 |
| जेडी (यू) | 02 |
| अन्य | 07 |



1966 में इंदिरा गांधी बनी थीं देश की तीसरी प्रधानमंत्री




| वर्ष | 1952 | 1957 | 1962 | 1967 | 1971 | 1977 | 1980 | 1984 | 1989 | 1991 | 1996 | 1998 | 1999 | 2004 | 2009 | 2014 | 2019 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिशत | 4.41 | 5.46 | 6.28 | 5.58 | 4.22 | 3.21 | 5.17 | 8.17 | 5.48 | 7.06 | 7.37 | 7.92 | 9.02 | 8.29 | 10.68 | 11.42 | 14.36 | 13.63 |
| महिला सांसदों की संख्या | 22 | 22 | 31 | 29 | 21 | 19 | 28 | 42 | 29 | 37 | 40 | 43 | 49 | 45 | 59 | 62 | 78 | 74 |

इनसाइड स्टोरी

इसलिए सरकार बनाने के प्रयास से कदम खींचे

# एनडीए में झगड़ों का करेंगे इंतजार, वही होगा सही समय

**शादाब अहमद**
patrika.com

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव नतीजों से कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दल उत्साहित जरूर हैं, लेकिन जल्दबाजी में नहीं हैं। सियासी और आंकड़ों की गणित को भली भांति समझते हुए इंडिया गठबंधन ने सहजता से सरकार बनाने से कदम पीछे हटाए हैं। साथ ही रणनीति बनाई है कि एनडीए में शामिल दलों के झगड़े उभरने तक इंतजार किया जाएगा, उसके बाद सही समय पर कदम उठाए जाएंगे।

दरअसल, कांग्रेस के 99 समेत इंडिया गठबंधन के पास 234 सांसद हैं। यह बहुमत से काफी दूर है। वहीं जेडीयू और टीडीपी ने चुनाव पूर्व एनडीए में शामिल होकर चुनाव लड़ा और गठबंधन को 293 सीटें मिलीं। फिलहाल दोनों ही दलों के पास एनडीए से बाहर निकलने का कोई कारण नजर नहीं आता। सूत्रों का कहना है कि इंडिया गठबंधन में डीएमके और शिवसेना (उद्धव) के नेता सरकार बनाने के प्रयास करने के पक्ष में थे लेकिन हकीकत भांपते हुए कांग्रेस नेताओं ने इंडिया गठबंधन की पहली बैठक में ही अपने तर्क दिए कि यह सही समय नहीं है। मंत्रालयों के साथ कई मुद्दों को लेकर टीडीपी व जेडीयू का भाजपा से टकराव होगा। इस टकराव के स्वतः सामने आने के बाद 'इंडिया' गठबंधन की बारी आएगी।

### आगे बढ़ने से हो सकता है विवाद

**सूत्रों** के अनुसार कांग्रेस व एकाधिक अन्य दलों के नेताओं में अंदरखाने यह भी चर्चा हुई कि अभी सरकार बनाने के प्रयास से 'इंडिया' गठबंधन में भी विवाद हो सकते हैं। सरकार बनाने के लिए पहले पीएम पद का सवाल खड़ा होगा और बाद में केबिनेट गठन पर भी मतभेद हो सकते हैं। इन परिस्थितियों में अभी सरकार बनाने के प्रयास को सही नहीं माना गया।

### विवाद उभारने के प्रयास

**कांग्रेस** महासचिव जयराम रमेश समेत कई दलों के कई नेताओं ने एनडीए में शामिल दलों के बीच टकराव उभारने के लिए पुराने मुद्दों को सोशल मीडिया पर जमकर उछालना शुरू कर दिया है। इनमें पीएम नरेंद्र मोदी के दोनों राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देने के वादे, चंद्रबाबू-नीतीश को लेकर दिए बयानों के वीडियो भी शामिल हैं।

### खरगे के उचित समय और उचित कदम के मायने

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार रात को नपा-तुला बयान दिया। उन्होंने कहा कि उचित समय पर उचित कदम उठाएंगे। इस बयान के साफ संकेत हैं कि एनडीए में भीतरी टकराव होने तक का इंतजार किया जाएगा।

**तीसरी कसम लेने तो दीजिए: राउत...** शिवसेना उद्धव के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि मोदी की सरकार नहीं बनेगी और बनी भी तो टिकेगी नहीं। पीएम मोदी बुजुर्ग नेता हैं, भगवान के 'अवतार' हैं। काशी पुत्र, गंगा पुत्र हैं। उनके पास बहुमत नहीं है, फिर भी उनका आंकड़ा बड़ा है। इसलिए हमने कहा कि पहले आप, आपके बाद हम। उन्हें राष्ट्रपति भवन में सरकार बनाने का दावा जो पेश करना है। उन्हें 'तीसरी कसम' लेने दीजिए। 'चौथी कसम' के बारे में हम सोच लेंगे, उसकी बात भी आएगी।

### ये मुलाकात एक बहाना है...



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से टीएमसी नेता और सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने मुलाकात की है। अभिषेक और अखिलेश की मुलाकात के दौरान राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव और राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन भी मौजूद रहे।

यूपी ही नहीं, झारखंड के नतीजों ने भी चौंकाया

# पांचों आदिवासी सीट पर जनता ने नकारा, भाजपा की चिंता बढ़ी

**डॉ मीना कुमारी**
patrika.com



**बाबूलाल मरांडी** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष | **हेमंत सोरेन** झामुमो अध्यक्ष | **गुलाम अहमद मीर** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी

### 16 राज्य, 47 एसटी सीट

**2024 के लोकसभा चुनाव में ये सीटें इस तरह बंट गई 10 राजनीतिक दलों में:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 25 | एनसीपी (शप) | 1 |
| कांग्रेस | 12 | वीओटीपीपी | 1 |
| झामुमो | 3 | भारत आदिवासी पार्टी | 1 |
| वाइएसआरसीपी | 1 | जेडपीएम | 1 |
| यूपीपीएल | 1 | टीएमसी | 1 |

*(1998 में लोकसभा की 543 में से 41 सीट ही अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित थीं। 2009 में इनकी संख्या बढ़ाकर 47 की गई थी।)*

**नई दिल्ली.** झारखंड के लोकसभा चुनाव परिणाम में भाजपा और एनडीए की तीन सीट कम आना बड़ी बात नहीं है, लेकिन भाजपा के लिए इससे भी ज्यादा चिंताजनक है वहां की अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित पांचों सीट गंवा देना। इसके दो संकेत हैं। एक तो यह कि हेमंत सोरेन के जेल जाने से उपजी सहानुभूति इसका एक कारण हो सकती है। लेकिन यह पक्ष उतना मजबूत नहीं लगता, क्योंकि हेमंत सोरेन संताली आदिवासी हैं और झारखंड के आदिवासी समुदाय में हो, मुंडा, संताल, उरांव चार ताकतवर समुदाय हैं। हेमंत को लेकर मुंडा, उरांव या हो बहुल इलाके में ज्यादा प्रतिकूल प्रभाव पड़ा होगा, इसकी संभावना कम है। इसके कारणों में से एक है गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री के तौर पर रघुबर दास का नाम फैलाना (हालांकि यह बात पुरानी हो चुकी है) और दूसरी बड़ी वजह है झारखंड के इन पांच संसदीय क्षेत्रों में संघ परिवार की गतिविधियों का कम होना।

भाजपा की जड़ें मजबूत करने में बनवासी कल्याण केंद्र, विश्व हिंदू परिषद, सेवा भारती जैसी संस्थाओं की गतिविधियों की बड़ी भूमिका रही है। इसे इस उदाहरण से समझ सकते हैं कि वर्षों मेहनत कर संघ परिवार ने झारखंड में दो केंद्र उभारे हैं। एक गुमला जिला का आंजन ग्राम, जिसे वहां के आदिवासी अंजनी पुत्र हनुमान का जन्मस्थान होने का दावा करते हैं। दूसरा सिमडेगा जिले का रामरेखा घाट। जनश्रुति है कि भगवान राम यहां वनवास के समय रुके थे। एक दशक से अधिक समय से संघ की किसी संस्था का यहां कोई अभियान नहीं चला। इससे आदिवासियों के साथ संवाद टूट गया।

केंद्रीय मंत्री रहते हुए खूंटी से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से चुनाव हार गए, जबकि खूंटी संताली आदिवासी बहुल इलाका नहीं, बल्कि मुंडा बहुल इलाका है। यह इलाका कारिया मुंडा जैसे वरिष्ठ भाजपा नेता का रहा है। उधर, सिंहभूम से गीता कोड़ा को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया। गीत कोड़ा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं। मधु कोड़ा का भ्रष्टाचार देश भर में चर्चित रहा है। उनके भ्रष्टाचार को उजागर करने और जेल तक पहुंचाने में भाजपा की निर्णायक भूमिका रही थी। वही भाजपा एक ओर हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाने में लगी रही और दूसरी ओर गीता कोड़ा को जिताने के अभियान में लगी रही, पर सफल नहीं हुई।

30 वर्ष से कम उम्र के चार उम्मीदवार भी निर्वाचित

# लोकसभा में 280 पहली बार कई अभिनेता व पूर्व सीएम भी

**संसद का निचला सदन:** स्कूल शिक्षक, राज्यसभा सदस्य और पूर्व राजघराने के सदस्य भी

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com



**शांभवी चौधरी** लोजपा-रावि, समस्तीपुर | **संजना जाटव** कांग्रेस, भरतपुर | **पुष्पेंद्र सरोज** सपा, कौशाम्बी | **प्रिया सरोज** सपा, मछलीशहर

### सांसद 'अंडर-30'

2019 के लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी 30 वर्ष से कम आयु के चार उम्मीदवार निर्वाचित हुए हैं। बिहार के समस्तीपुर से लोकजनशक्ति पार्टी की 25 वर्षीय शांभवी चौधरी, राजस्थान के भरतपुर से कांग्रेस की 25 वर्षीय संजना जाटव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री इंदरजीत सरोज के बेटे व सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज और यूपी की मछलीशहर सीट पर सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता व सपा प्रत्याशी 25 वर्षीय प्रिया सरोज की लोकसभा में यह पहली पारी होगी।

**नई दिल्ली.** 18वीं लोकसभा के चुनाव की इसे एक अहम उपलब्धि माना जा सकता है कि 543 सीटों में से 280 सदस्य पहली बार संसद के निचले सदन में कदम रखेंगे। इनमें से कई पहले से राजनीति में हैं जो राज्यसभा सदस्य या विधायक या पूर्व मुख्यमंत्री तक रह चुके हैं, तो कई की राह परिवारवाद ने तय की है। कुछ खिलाड़ी तो कुछ अभिनेता भी इस फेहरिस्त में शामिल हैं।

यूपी की 80 सीटों में से 45 सीटों पर चुने गए उम्मीदवारों के लिए संसद में यह पहला कार्यकाल होगा। इनमें मेरठ से अभिनेता अरुण गोविल (भाजपा) हैं, तो अमेठी से किशोरी लाल शर्मा, जिन्होंने भाजपा की स्मृति ईरानी को हराया। नगीना से दलितों के अधिकारों के लिए सक्रिय आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण भी जीते। महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 33 पर भी पहली बार सांसद बनने वाले सदस्यों की जीत हुई है। इनमें से एक हैं दिन्डोरी (एसटी सीट) से स्कूल अध्यापक भास्कर भगरे जिन्हें एनसीपी (शरद पवार) ने टिकट दिया। भगरे ने निवर्तमान भाजपा सांसद भारती पवार को हराया। मुंबई उत्तर से भाजपा के पीयूष गोयल, अमरावती से कांग्रेस के बलवंत वानखेड़े जिन्होंने भाजपा की निवर्तमान सांसद नवनीत राणा को हराया, अकोला से पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय धोत्रे के बेटे भाजपा प्रत्याशी अनूप धोत्रे, सांगली से निर्दलीय उम्मीदवार विशाल पाटिल और रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग से पूर्व सीएम नारायण राणे पहली बार लोकसभा सदस्य चुने गए हैं। हरिद्वार से त्रिवेंद्र सिंह रावत, करनाल से मनोहर लाल, त्रिपुरा पश्चिम से बिप्लब कुमार देब, गया से जीतन राम मांझी, कर्नाटक में हावेरी से बसवराज बोम्मई और बेलगाम से जगदीश शेट्टार, जालंधर से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, त्रिशूर से अभिनेता सुरेश गोपी, मंडी (हिमाचल प्रदेश) से अभिनेत्री कंगना रनौत का भी लोकसभा का यह पहला कार्यकाल होगा। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य अनिल देसाई, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, मनसुख मांडविया और परषोत्तम रूपाला और पूर्व राजघरानों में कोल्हापुर से छत्रपति शाहू, मैसूर से यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार और त्रिपुरा पूर्व से कृति देवी देबबर्मन भी पहली बार लोकसभा में पहुंचेंगे।

पश्चिम बंगाल की तमलुक सीट से कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जज अभिजीत गंगोपाध्याय भी पहली बार सांसद बनने वालों में शामिल हैं।

बारामुला में जमानत भी हो गई जब्त

# पीडीपी ने गंवाया खोई जमीन हासिल करने का मौका

**अनंतनाग-राजौरी, श्रीनगर और बारामुला, तीनों सीटें हारी**

**54** विधानसभा क्षेत्रों में से सिर्फ 5 पर ही मिली बढ़त



**श्रीनगर @ पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर की राजनीति में कभी एक दमखम रखने वाली पार्टी के तौर पर गिनी जाने वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) आज सबसे निचले पायदान पर खिसक गई है। 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में पार्टी एक भी सीट हासिल करने में कामयाब नहीं हो सकी। इतना ही नहीं, पार्टी कश्मीर के जिलों और अब अनंतनाग संसदीय क्षेत्र का हिस्सा पुंछ व राजौरी के 54 विधानसभा क्षेत्रों में से केवल पांच पर ही बढ़त हासिल कर पाई। अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद हुआ यह पहला आम चुनाव जम्मू-कश्मीर की राजनीति में पीडीपी की मौजूदगी का अहसास मजबूती से कराने के लिहाज से अहम था। पिछले पांच वर्षों में पार्टी ने कई प्रमुख नेताओं को पार्टी से किनारा करते हुए देखा है, जिससे पार्टी की स्थिति काफी कमजोर हुई है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के दिग्गज गुज्जर नेता मियां अल्ताफ से लगभग तीन लाख वोटों से हार का सामना करना पड़ा है। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 18 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, महबूबा ने तीन विधानसभा क्षेत्रों - अनंतनाग, अनंतनाग पश्चिम व श्रीगुफवारा-बिजबेहरा में बढ़त बनाई, पर बाकी क्षेत्रों में मियां अल्ताफ से पीछे रहीं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों को लगता है कि लोगों ने अभी भी पीडीपी को भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए माफ नहीं किया है। श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में पीडीपी के युवा नेता वहीद पर्रा नेकां नेता आगा सैयद रूहुल्लाह से हार गए। पर्रा केवल दो विधानसभा क्षेत्रों पुलवामा व राजपोरा में बढ़त हासिल करने में कामयाब रहे। पीडीपी का प्रदर्शन विशेष रूप से उत्तरी कश्मीर की बारामुला सीट पर निराशाजनक रहा, जहां मीर फैयाज की जमानत जब्त हो गई।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि ये चुनाव नतीजे पीडीपी के लिए बड़ा झटका है। इन चुनावों का निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनावों पर असर पड़ेगा। महबूबा के करीबी सहयोगी और पीडीपी के वरिष्ठ नेता नईम अख्तर ने चुनाव परिणामों को पार्टी के लिए चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा, 'हमें देखना होगा कि कहां गलती हुई।'

रिजल्ट रिएक्शन | अयोध्या में भाजपा की हार को लेकर प्रतिक्रियाओं की बाढ़, लोग पूछ रहे क्यों हार गई भाजपा

# नतीजों के बाद छलक रहा दर्द, निकाल रहे गुबार

***नई दिल्ली @ पत्रिका.*** *लोकसभा चुनाव के नतीजों में हार-जीत के बाद नेताओं की प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। कोई गुबार निकाल रहा है तो कोई हार के कारणों पर बोल रहा है। चुनाव में भाजपा की ओर से गंवाई गई सीटों को लेकर ज्यादा चर्चा हो रही है। न केवल लोग प्रतिक्रिया दे रहे हैं बल्कि नेता भी सवाल उठा रहे हैं कि भाजपा की सीटें बहुमत से कम क्यों रह गईं।*

### देहात के कार्यकर्ता न होते तो...



हरियाणा की गुड़गांव सीट से चुनाव जीते राव इन्द्रजीत का बयान चर्चा में है, जिसमें उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा झूठा था। टीवी वाले मुझसे '400 पार' वाले नारे के बारे में पूछते थे पर मैं क्या जवाब देता। राव ने हरियाणा की भाजपा इकाई पर भी सवाल खड़े किए और बोले, उनके देहात के कार्यकर्ता नहीं होते तो वह चुनाव हार जाते। राव ने चुनाव में फिल्म अभिनेता कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर को 80 हजार से ज्यादा मतों से हराया है।

### अयोध्या में भाजपा की हार क्यों...?

**लोकसभा** चुनाव में भाजपा ने कई सीटें गंवाई हैं। हर सीट की हार को लेकर भाजपा में आत्ममंथन भी शुरू होगा, लेकिन कई सीटों की हार को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के कमेंट आ रहे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा अयोध्या में भाजपा की हार को लेकर हो रही है। इसको लेकर कुछ अहम लोगों के बयान भी वायरल हो रहे हैं। इनमें से एक बड़ा बयान 'द कश्मीर फाइल्स' के डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री का सामने आया है।



### राजनीति को दूर रखा जाए हिन्दू धर्म के शोषण से

**विवेक** रंजन अग्निहोत्री ने कहा कि राजनीति को अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए हिंदू धर्म का शोषण करने से दूर रखा जाना चाहिए। यह एक ऐसी विजय है, जिसे आप कभी नहीं जीत सकते। अग्निहोत्री अपने बयानों को लेकर पहले भी कई बार चर्चा में आ चुके हैं, खासकर हिन्दुत्ववादी विचारों से ओतप्रोत बयानों को लेकर। पर अयोध्या में भाजपा की हार के बाद लम्बा-चौड़ा बयान चर्चा में आ गया है। उन्होंने बयान में राजनेताओं को सत्ता प्राप्ति व वोट पाने के लिए हिन्दू धर्म की आड़ नहीं लेने की नसीहत दी है।

### अक्सर मंत्री चुनाव हारते हैं



उत्तरप्रदेश राज्य की कैसरगंज सीट से पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने कहा कि यूपी में सीटें क्यों खोई, इसकी समीक्षा उच्च स्तर पर होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के मंत्री के दुबारा चुनाव लड़ने पर उनके जीतने की संभावना कम रहती है। किसी भी सरकार या पार्टी का चुनाव हो, मंत्री के लिए दुबारा चुनाव जीतना मुश्किल होता ही है। क्योंकि सरकारी कामकाज में व्यस्तता के चलते अक्सर वे क्षेत्र में स्थानीय पकड़ नहीं रख पाते।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस आज



# फूड सेफ्टी के प्रति महिलाएं रहें जागरूक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मिलावट के युग में फूड सेफ्टी को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। घर में हर खाद्य सामग्री महिलाओं के हाथ से होकर गुजरती है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा को लेकर महिलाओं को सचेत रहने की आवश्यकता है। मिलावटी सामग्री और दूषित भोजन के कारण हर साल कई लोगों की जान चली जाती है। दूषित भोजन के शिकार होने में बच्चों की संख्या सबसे अधिक होती हैं। इसलिए महिलाओं को चाहिए कि वह अपने घर में खाद्य सुरक्षा के प्रति सचेत रहें और सुरक्षित भोजन से बेहतर स्वास्थ्य की तरफ बढ़ें। महिलाएं खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच स्वयं कर सकती हैं। ***पब्लिक हैल्थ एन्यूट्रिशिनिस्ट अदिति मेहरोत्रा इसके लिए कुछ तरीके बता रही हैं....***



- दूध में पानी की मिलावट की जांच के लिए चिकने पत्थर पर एक-दो बूंद दूध की डालें अगर वह तेजी से फिसलता है और कोई सफेद परत नहीं बनती तो उसमें पानी मिला है।
- मसालों और दालों को एक गिलास पानी में डालने पर अगर पानी में रंग आता है तो वह मिलावट होने का संकेत देता है।
- एक पारदर्शी गिलास में पानी डालकर उसमें 10 ग्राम चीनी घोले। घुलने के बाद अगर चीनी में मिलावट होगी तो गिलास के पेंदें में वह जमी हुई मिलेगी।

" मिलावटी और दूषित भोजन से बीमार होने वाले मामलों की संख्या बढ़ रही है। खाद्य सामग्री की सुरक्षा के लिए महिलाओं को अपने स्तर पर प्रयास करने होंगे। घर में सब्जियां लगाना, धान को पीस कर काम में लेना सहित कई काम घर में ही किए जाने चाहिए। साथ ही खाने में विटामिन्स का पूरा ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि खाने में पर्याप्त मिनरल्स और विटामिन्स की मात्रा हमें स्वस्थ रहने में मदद करेगी।



-रत्ना वाधवानी

" खाद्य पदार्थों में मिलावट से बचने के लिए हमें स्वयं ही सजग रहना होगा। इसके लिए सामान खरीदते समय लेबल देखने के साथ एक्सपायरी डेट आदि देख लेनी चाहिएं। साथ ही सामान लेकर आने के बाद भी उसमें मिलावट की जांच कर लेनी चाहिए। फल और सब्जियां लेते समय सावधानी बरतें। बाजार का खाना बच्चों के लिए बिलकुल बंद कर देना चाहिए।



-ललिता सैनी

### कहां कर सकते हैं शिकायत

खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर इसकी शिकयत उपभोक्ता अदालत, खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की वेबसाइट, खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर कर सकते हैं। हर क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग के टोल फ्री नम्बर और हेल्प लाइन नम्बर पर भी इसकी शिकायत की जा सकती हैं।

SHE STARTUP

# बचपन की यादों को समेट हासिल की कामयाबी



बार-बार फेल होने के बाद भी दो बहनों ने हिम्मत नहीं हारी और आज साड़ी के एक मजबूत ब्रांड के साथ खुद का स्टार्टअप खड़ा कर लिया। मुम्बई की सुजाता और तानिया दो बहनों ने 2016 में 3 लाख रुपए खर्च करके अपनी कम्पनी की शुरूआत की। शुरूआत में न तो उन्हें कारीगर मिलें और न फैब्रिक मिला। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार कोशिश के बाद आज उनकी कम्पनी 50 लाख रुपए के कारोबार पर पहुंच गई है। हालांकि सबसे पहले दोनों बहनों ने पैन केक का बिजनेस शुरू किया, लेकिन वह सफल नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने फोटोग्राफी शुरू की, लेकिन वह भी नहीं चली तो नौकरी कर ली, पर दोनों अपने काम से खुश नहीं थी। वह कुछ ऐसा करना चाहती थी, जो यूनिक हो। वे दोनों बचपन से अपनी मां और दादी को मलमल और कॉटन की साड़ी पहने देखती थी। इसलिए दोनों ने साड़ी के बिजनेस में देशभर की शिल्पकार को मिलाकर काम शुरू किया।

मनी मंत्र

# 'महिला बचत पत्र योजना' से कर सकती हैं बड़ी बचत

महिलाओं को निवेश के प्रति आकर्षित करने के लिए केन्द्र सरकार ने महिला सम्मान बचपन पत्र योजना शुरू की है। 2023 के बजट में घोषित इस योजना की अवधि 31 मार्च, 2025 तक की है। इस योजना का लाभ किसी भी आयु र्व महिलाएं ले सकती हैं। इस योजना के तहत महिलाओं को 2 साल पूरे होने पर मूलधन राशि का 7.50 प्रतिशत ब्याजदर दी जाएगी। इस योजना के तहत एक व्यक्ति जमा की अधिकतम सीमा में कितने भी अकाउंट खुला सकता है और नये अकाउंट और पुराने अकाउंट के बीच तीन महीने का समय अंतराल बरकरार रखना होगा

- इस योजना का लाभ 1.59 लाख डाकघरों से प्राप्त किया जा सकता है। योजना में खाता दो साल की अवधि के लिए खुलवाया जा सकता है।
- न्यूनतम 1000 से अधिकतम 2 लाख रुपए तक जमा कर सकते हैं।



-शिव शंकर गुप्ता, सीए

महिलाओं से जुड़े प्रेरणास्पद वीडियोज का लिंक हमें वॉट्सऐप नंबर **9057531584** पर भेजें। हम ऐसे वीडियो को शी न्यूज में जगह देंगे।

- योजना के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। योजना का लाभ किसी भी आयु वर्ग की महिला ले सकती है।
- योजना का लाभ लेने के एक साल बाद 40 फीसदी राशि निकलवायी जा सकती है।
- योजना के लिए माइनर का अकाउंट अभिभावक द्वारा भी खोला जा सकता है।

पत्रिका शी न्यूज
आप पत्रिका शी न्यूज फेसबुक पेज के माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।
हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

**नेशनल हेल्थ मिशन: बच्चों के आईसीयू की रैंकिंग में मिला पहला स्थान, सर्वाइवल रेट 97 प्रतिशत**

# एमडीएम के एसएनसीयू में बच्चों को मिल रहा जीवनदान, चाइल्ड केयर में जोधपुर टॉप

पत्रिका स्पॉटलाइट

अविनाश केवलिया
patrika.com

**जोधपुर.** जोधपुर में नवजात बच्चों की देखभाल प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों से बेहतर है। इसीलिए इसे नेशनल हेल्थ मिशन से पहली रैंक मिली है। यह रैंक एमडीएम अस्पताल के स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) को मिली है। खास बात यह है कि पिछले दो महीने से यह जोधपुर के मेडिकल सिस्टम की यह बादशाहत कायम है।

### इन बातों की भी हुई जांच

1.5 से 2.5 किलो के बच्चे में सर्वाइवल रेट, 34 से 37 सप्ताह के बच्चे का स्वास्थ्य, सेप्टिक के विरुद्ध एंटीबायोटिक का उपयोग, तीन दिन से कम भर्ती बच्चे कितने जीवित रहते हैं सहित अन्य मानक भी जांचे जाते हैं। खास बात यह है कि इन सभी मानक में जोधपुर के एमडीएम अस्पताल का यह एनआईसीयू प्रदेश के औसत से अच्छा काम कर रहा है।



एमडीएम अस्पताल का एनआईसीयू वार्ड।

### इन पैरामीटर पर खरा है

- डिस्चार्ज के समय सर्वाइवल रेट 93 से 97 प्रतिशत है।
- मृत्युदर 3 से 7 प्रतिशत से बीच है।
- रेफरल 0 प्रतिशत है।
- बेड एक्युपेसी 114 से लेकर 226 प्रतिशत के बीच है।

### क्या है एसएनसीयू

ऐसे बच्चे जो जन्मजात की किसी बीमारी से ग्रस्त हो जाते है और कोई विकार लगता है। इसके अलावा जन्म के समय जिनका स्वास्थ्य खराब होता है, उन्हें एमसीएच एसएनसीयू में रखा जाता है। यह एक प्रकार से छोटे बच्चों का आईसीयू यूनिट है। जोधपुर में उम्मेद अस्पताल के अलावा एमडीएम अस्पताल में भी एक वार्ड संचालित है। इसमें 60 बेड की क्षमता है। जो कि रैंकिंग मिली है वह इसी वार्ड की परफॉर्मेंस से मिली है।

### पिछले एक साल से टॉप 5 में

शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष पारख ने बताया कि वैसे तो पिछले दो माह से हम प्रदेश में अव्वल है। लेकिन इससे पहले भी हम लगातार टॉप 5 में ही रहे हैं। हमारा सिस्टम-उपकरण और साथ ही स्टाफ का डेडीकेशन इसमें अहम योगदान दे रहा है।

**झुंझुनूं : पहले शराब पी और फिर हत्या कर शव गांव में ले जाकर फेंक दिया**

# ईंट व लकड़ी से वार कर की थी साधु व सेवादार की हत्या, साध्वी को जेल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

### मृतक विशिष्ठ गिरी को खाने में जहर का शक होने पर हुआ था विवाद

### सेवादार ने देख लिया था दोनों को साधु की हत्या करते हुए

**झुंझुनूं.** एक साधु व उसके सेवादार की हत्या कर दोनों के शवों को हरियाणा सीमा से सटे नावता गांव के कच्चे रास्ते पर फेंक दिया गया था। पुलिस ने हत्या के आरोपी एक साधु व साध्वी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार सिंघाना क्षेत्र के भोदन गांव के बल्लागिरी आश्रम महंत छोटेसिंह उर्फ लखनदास व साध्वी अनुसुइयादास ने ही साधु विशिष्ठ गिरी व सेवादार गौतमसिंह की हत्या की थी। आरोपी साधु ने पहले विशिष्ठ गिरी व सेवादार के साथ शराब पार्टी की। इसके बाद सेवादार गौतमसिंह आश्रम के कमरे से बाहर चला गया। बाद में साध्वी ने खाना परोसा तो विशिष्ठ गिरी को खाने में जहर मिलाने का शक हुआ। इस बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। इस पर साधु व साध्वी ने ईंट व लकड़ी से सिर पर वार कर विशिष्ठ गिरी की हत्या कर दी। उसी समय विशिष्ठ गिरी के सेवादार गौतमसिंह का वहां आना हो गया। राज खुलता देख साध्वी ने गौतम के पैर पकड़े और लखनदास ने गौतम की टी-शर्ट से उसका गला घोंट कर हत्या कर दी।

दोनों की हत्या कर शव फेंकने के बाद साधु-साध्वी फरार हो गए। वह नेपाल भागने की फिराक में थे। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने दोनों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि मोरा, कन्नौज निवासी छोटे सिंह उर्फ लखनदास (31) पुत्र मोनू और नीमखेड़ा (जबलपुर) निवासी अनुसुइयादास त्यागी (57) पत्नी रामकिशन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी साध्वी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जबकि हत्या के आरोपी लखनदास को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



साधु व सेवादार की हत्या के आरोप में गिरफ्तार भोदन के बल्लागिरी आश्रम के महंत छोटेसिंह उर्फ लखनदास व साध्वी अनुसुइयादास त्यागी।

### यह है मामला

एक जून की सुबह दोनों का शव हरियाणा सीमा के पास नावता में खेत में ईंट-भट्टे के पास गड्ढों में पड़ा हुआ मिला था। दोनों ने साधुओं के कपड़े पहने रखे थे। पुलिस ने दोनों शवों को बुहाना सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया था। अगले दिन एक की पहचान विशिष्ठ गिरी व दूसरे की गौतम सिंह शेखावत निवासी बगड़ के रूप में हुई। गौतम का विशिष्ठ गिरी महाराज के पास दो साल से आना-जाना था। जबकि वह छह महीने से लगातार सेवादार के रूप में काम करने के लिए आश्रम में गया हुआ था।

## नागादड़ी से बाहर निकाला मासूम का शव, परिजन का आरोप-रैलिंग में करंट से डूबा

**जोधपुर @ पत्रिका.** मछलियों को आटा डालने के दौरान मंडोर उद्यान परिसर स्थित नागादड़ी में डूबने वाले मासूम बालक का शव निकाल लिया गया, लेकिन परिजन जलाशय पर लगी लोहे की रैलिंग में करंट प्रवाहित होने और उसकी चपेट में आने से डूबने का आरोप लगाकर शव के साथ धरने पर बैठ गए। डिस्कॉम कर्मचारियों की जांच में करंट न मिलने और समझाइश के बाद पोस्टमार्टम करवाया जा सका। मण्डोर पुलिस ने बताया कि मूलतः नागौर जिले में टांकला हाल रावटी निवासी रविन्द्र (14) पुत्र सवाईराम चौकीदार परिवार के साथ घूमने नागादड़ी आया था। नागादड़ी की सीढ़ियों पर रखा आटा मिल गया था। वह नागादड़ी के बीच रैलिंग पर खड़ा होकर मछलियों को आटा डालने लगा था। इस दौरान पांव स्लिप होने से वह जलाशय में गिर गया था।

**गंगाशहर थाना इलाके का मामला**

## बुजुर्ग को घर से बुलाकर ले गया अनजान व्यक्ति, सुबह शव मिला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर.** गंगाशहर थाना इलाके के उदयरामसर रोड स्थित गणेश धोरे पर एक बुजुर्ग का संदिग्धावस्था में शव मिला। गंगाशहर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

परिजनों ने बुजुर्ग की हत्या का आरोप लगाया है। इस संबंध में मृतक के दामाद बंशीलाल राजपुरोहित की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

गंगाशहर पुलिस के अनुसार खेतेश्वर बस्ती निवासी भोजराज सिंह राजपुरोहित का शव उदयरामसर स्थित गणेश धोरा पर संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतक के मुंह रेत में भरी हुई थी और गले पर निशान थे।

आशंका है कि बुजुर्ग की गला घोंटकर हत्या की गई है। परिवादी ने रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार रात को भोजराज सिंह अज्ञात व्यक्ति के साथ स्कूटी पर घर से गए थे, लेकिन रातभर वापस नहीं लौटे। सुबह गणेश धोरे पर शव मिला।

परिजनों ने पीबीएम अस्पताल में मोर्चरी के आगे धरना दे दिया। हत्यारे को पकड़ने की मांग को लेकर मोर्चरी के सामने राजपुरोहित समाज के लोग एकत्रित हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) दीपक शर्मा ने धरनास्थल पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर की।

**पिता के बाद मां का आंचल भी छूटा**

## इन मासूम आंखों में न आंसू है ना ख्वाब...अब कौन बनेगा सहारा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चूरू.** पिता की गोद के बाद मां का आंचल भी छीन गया। अब न तो उनकी आंख में आंसू है और ना ही ख्वाब। चिंता है तो बस दो जून की रोटी की। यह दर्दभरा दृश्य है शहर के वार्ड 39 मनोरंजन क्लब के पीछे स्थित एक मकान का। दो बच्चों के पिता गिरधारीलाल वर्मा की तीन वर्ष पहले कोरोना की दूसरी लहर में मौत हो गई। मां ने अपने बच्चों की जिम्मेदारी संभाली। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही उनकी मां मीना देवी की बुधवार को हुई मौत से उसके दोनों बेटे नितिन (17) और लक्की (14) के ख्वाब जमींदोज हो गए। मोहल्ले के लोगों ने मां के अंतिम संस्कार के सामान की व्यवस्था करने के साथ 12 दिन के लिए रसोई का कुछ सामान डलवा दिया, लेकिन आगे इन दोनों बच्चों का सहारा कौन बनेगा...? इसका किसी के पास जवाब नहीं है। मोहल्ले के पवन चौहान ने बताया कि इस परिवार पर संकट का दौर कोरोना की दूसरी लहर में शुरू हुआ। मजदूरी कर अपने दो बच्चों का पालन कर रहे गिरधारीलाल की कोरोना संक्रमण के दौरान आक्सीजन की कमी से मौत हो गई।



मासूम बच्चे नितिन व लक्की।

## पेज एक का शेष

### 'टॉप-4' पर...

पहले 8 जून को शपथ की संभावना थी, लेकिन बताया जा रहा है कि 9 जून को सायं 6 बजे राष्ट्रपति भवन में ही आयोजन की तैयारी है। इस बीच, चुनाव आयोग ने निर्वाचित सांसदों की सूची गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने राष्ट्रपति भवन जाकर यह सूची उन्हें सौंपी। इसी के साथ देश में 16 मार्च को चुनाव की घोषणा के साथ लागू आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गई।

### चुनाव अपडेट...

वायनाड छोड़ सकते हैं राहुलः राहुल गांधी को वायनाड और रायबरेली से एक सीट खाली करनी होगी। सूत्रों ने बताया कि जिस तरह से सोनिया गांधी की जनता को राहुल गांधी को सौंपने की बात कही थी, उससे लग रहा है कि रायबरेली से अब राहुल सांसद रह सकते हैं। ऐसे में वायनाड से इस्तीफा दे सकते हैं।

**एनसीपी की बैठक में 5 नदारद:** महाराष्ट्र में राजनीतिक उथल-पुथल की चर्चाओं के बीच गुरुवार को डिप्टी सीएम अजीत पवार की अध्यक्षता में हुई एनसीपी के विधायक दल की बैठक में 41 में पांच विधायक शामिल नहीं हुए। हालांकि पार्टी ने कहा ?कि डिप्टी स्पीकर विदेश यात्रा पर हैं और चार विधायक बीमार होने के कारण नहीं आए, लेकिन विधायकों की अनुपस्थिति को राजनीतिक कारणों से जोड़ा जा रहा है।

**बागी विधायक की खरगे से मुलाकात:** महाराष्ट्र की सांगली सीट से कांग्रेस से बागी होकर चुनाव जीते विशाल पाटिल ने गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष म?ल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी व राहुल गांधी से मुलाकात की। पूर्व सीएम बसंतराव दादा पाटिल के पोते विशाल ने खरगे को कांग्रेस व इंडिया गठबंधन को समर्थन का पत्र सौंपा। वे कांग्रेस के संबद्ध सदस्य बनेंगे।

### इस बार...

नवनिर्वाचित सांसदों में से 170 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास, महिलाओं के खिलाफ अपराध और नफरती भाषण के मामले शामिल हैं।

74 महिलाएं जीतीं: इस बार 74 महिलाएं (13.62%) जीती हैं, जो 2019 की 78 महिलाओं (14%) के मुकाबले कुछ कम हैं। भाजपा की 30, कांग्रेस की 14, तृणमूल कांग्रेस की 11, सपा की चार, द्रमुक की तीन, जद-यू एवं लोजपा (रामविलास) की दो-दो महिला प्रत्याशी विजयी रहीं। विजेता महिलाओं में 16 फीसदी 40 साल से कम उम्र की हैं। 41 फीसदी पहले भी लोकसभा सदस्य रह चुकी हैं। एक राज्यसभा सदस्य रही हैं। सबसे ज्यादा 11 महिलाएं पश्चिम बंगाल से चुनकर आई हैं।

**दो सबसे युवा:** सबसे युवा विजेता पुष्पेंद्र सरोज और प्रिया सरोज हैं। दोनों 25 साल के हैं और सपा के टिकट पर जीते हैं। सबसे उम्रदराज नवनिर्वाचित सांसद डीएमके के टी.आर. बालू हैं, जिनकी उम्र 82 साल है।

### किस मंत्रालय...

भाजपा ये मंत्रालय देने को तैयारः सहयोगियों को भाजपा कैबिनेट में उपभोक्ता मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण, हैवी इंडस्ट्रीज ही देने को तैयार है। इसके अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री का पद किसी भी मंत्रालय में पार्टी देने को तैयार है।

एनडीए में मंत्री बनना तयः एलजेपी से चिराग पासवान, रालोद से जयंत चौधरी और जदयू से ललन सिंह या संजय झा का केंद्र में मंत्री बनना तय माना जा रहा है।

### 'अग्निवीर' की...

**जातिगत जनगणना का मुद्दा भी उछला :**

बिहार की तरह देश भर में जातिगत जनगणना की मांग लंबे समय से विपक्षी दल करते रहे हैं। अब एनडीए सहयोगी चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत में जातिगत जनगणना से सहमति जताई हैं। ऐसे बयानों को प्रेशर पॉलिटिक्स के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, चिराग पासवान पहले ही कह चुके हैं कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उन्होंने बिना किसी शर्त के समर्थन दिया है।

### कांग्रेस ने ...

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री मार्केट ऊंचा जाने की बात करते हैं तो जनता का विश्वास बढ़ता है। इन लोगों को पहले से मालूम था कि एग्जिट पोल गलत हैं और नतीजा 300 सीट का नहीं है। फिर भी मार्केट को अस्थिर करने की कोशिश की।

प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, उनके लिए काम कर रहे एग्जिट पोल कराने वाले और मित्र मीडिया ने मिलकर हिंदुस्तान के सबसे बड़े 'स्टॉक मार्केट स्कैम' की साजिश रची है।

## आज का राशिफल शुक्रवार, 07 जून 2024

| | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* लंबित कार्य आज भी अधूरे रहेंगे। आर्थिक वृद्धि के प्रयास निष्फल होंगे। व्यावसायिक कार्य सफल नहीं हो पाएंगे। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* संतान के कार्यों से दुखी रहेंगे। व्यापार, नौकरी में स्थिति मध्यम रहेगी। अचानक आने वाली बाधाओं से परेशान रहेंगे। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह* अध्ययन में आ रही बाधा दूर होगी। आजीविका के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। प्रतिष्ठित व्यक्ति से मेल-जोल बढ़ेगा। |
| कर्क | *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* विवाह योग्य जातकों को लिए समय अनुकूल है। संतान की चिंता रहेगी। शत्रु पक्ष छवि बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* दिन की शुरुआत खुशनुमा होगी। संतान सुख सम्भव। व्यावसायिक सफलता से हर्ष होगा। यात्रा के योग बनेंगे। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* क्रोध पर नियंत्रण रखें। वाद-विवाद को टालें। दिखावे एवं आडंबरों से दूर रहें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। यात्रा सम्भव है। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* दिन की शुरुआत नए संकल्पों के साथ होगी। व्यावसायिक सफलता से हर्ष होगा। आपके द्वारा लिए निर्णय सही होंगे। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* कई दिनों से किसी से आप मन की बात कहना चाहते थे। संतान की उन्नति खुशी को बढ़ाएगी। सोचे हुए काम बनेंगे। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* माता-पिता के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। परिचित व्यक्ति का सहयोग आपकी परेशानियों को दूर करेगा। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* बोलने से पहले सोचें। झूठ बोलने से बचें। दुर्व्यसनों पर नियंत्रण रखना होगा। सुख के साधन खरीदी के योग बनेंगे। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* आप के व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ रहा है। अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना जरूरी है। घर में क्लेश बढ़ेंगे। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* परिजनों से सहयोग मिलेगा। मित्रों से आर्थिक सहयोग मिलेगा। संतान की ओर से अनुकूल परिणाम आएंगे। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

### ग्रह-नक्षत्र ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1445 | ऋतु: | ग्रीष्म |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | जिल्काद-29 | मास: | ज्येष्ठ |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | उत्तरायण | पक्ष: | शुक्ल |

### आज का दिन

शुक्रवार, 07 जून, 2024

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से प्रात: 07-18 तक चर, प्रात: 07-18 से पूर्वाह्न 10-43 तक लाभ व अमृत, दोपहर 12-25 से दोपहर बाद 02-08 तक शुभ तथा सायं 05-32 से सूर्यास्त तक चर के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 11-58 से दोपहर 12-53 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** प्रतिपदा नन्दा संज्ञक तिथि सायं 04-46 तक, तदन्तर द्वितीया भद्रा संज्ञक तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। प्रतिपदा शुक्ल पक्ष की में यथासम्भव शुभ व मांगलिक कार्य शुभ नहीं कहे गए हैं, पर देवी कार्य और नवरात्रा के लिए शुक्ल प्रतिपदा को शुभ माना गया है। द्वितीया तिथि में सभी शुभ व मांगलिक कार्य करने योग्य हैं।

**नक्षत्र:** मृगशिर "मृदु व तिर्ङ्मुख" संज्ञक नक्षत्र सायं 07-43 तक, तदन्तर आर्द्रा "तीक्ष्ण व ऊर्ध्वमुख" संज्ञक नक्षत्र रहेगा। मृगशिर नक्षत्र में यदि सम्यादि शुद्ध हो तो विवाह, जनेऊ, यात्रा, प्रतिष्ठा व वास्तु विषयक कार्य शुभ व सिद्ध होते हैं।

**योग:** शूल नामक नैसर्गिक अशुभ योग रात्रि 08-04, तदुपरान्त गण्ड नामक नैसर्गिक अशुभ योग है। गण्ड नामक योग की प्रथम छः घटी शुभकार्यों में त्याज्य हैं।

**विशिष्ट योग:** राजयोग नामक शुभ योग सायं 04-46 तक।

**करण:** बव नामकरण सायं 04-46 तक, तदन्तर बालव व कौलवादि करण क्रमशः हैं।

**व्रतोत्सव:** आज नवीन चन्द्र के दर्शन उ.मु. दक्षिण शृंगोन्नत, करवीर व्रत, श्री गंगा दशाश्व मेघ स्नान प्रारम्भ।

**चंद्रमा :** चंद्रमा वृष राशि में प्रात: 07-56 तक, तदन्तर मिथुन राशि में होगा।

**ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन :** शुक्र मृगशिर नक्षत्र में प्रात: 08-17 पर व सूर्य मृगशिर में रात्रि 01-06 पर प्रवेश करेंगे।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज मृगशिर नक्षत्र में प्रसूतिस्नान, हलप्रवहण, नामकरण, अन्नप्राशन, विपणि-व्यापारारम्भ व शल्य चिकित्सा आदि के यथाआवश्यक शुभ मुहूर्त हैं।

**दिशाशूल:** शुक्रवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। आज प्रात: 07-56 तक दक्षिण दिशा की व इसके बाद पश्चिम दिशा की यात्रा में सम्मुख चन्द्रमा होने से यात्रा लाभदायक व शुभ रहेगी।

**राहुकाल** (मध्यममान से): प्रात:10-30 बजे से दोपहर 12-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर हैं।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (वो, क, कि, कू, घ) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। प्रात: 07-56 तक जन्मे जातकों का जन्म वृष राशि में व इसके बाद जन्मे जातकों का जन्म मिथुन राशि में हैं। वृष राशि के स्वामी शुक्र व मिथुन राशि के स्वामी बुध हैं। सायं 07-43 तक जन्मे जातकों का जन्म स्वर्णपाद से व इसके बाद जन्मे जातकों का जन्म रजतपाद से है। सामान्यतः ये जातक चंचल स्वभाव वाले बुद्धिमान और भोगी होते हैं। इनका भाग्योदय 28 वर्ष की आयु तक होता है। वृष राशि वाले जातकों को आज उत्तम लाभ होगा। अटका हुआ पैसा भी आयेगा। सभी सुख-सुविधा के कार्यों में सफलता मिलेगी।

**पोलमपोल** भायो

तीन दिनाँ बिगड़ी रही, 'मारकेट' की चाल।
बढ्यो घट्यो कै पिट गयो, देख सियासी हाल!!

**सोशल मीडिया की एक मुहिम का असर:** मेलबा गांव से हुई शुरुआत और अब बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर व नागौर के लोगों ने अपनाया

# वन्यजीवों को तड़पते देख शुरू की मुहिम, बन गए 20 वाटर पॉइंट

**अविनाश केवलिया**
patrika.com

**जोधपुर.** नदी में प्रदूषित पानी के कारण वन्यजीवों पर संकट खड़ा होने लगा। कई वन्यजीव जोजरी, लूणी और बांडी नदी में हो रहे प्रदूषण के कारण दम तोड़ने लगे। तब एक मुहिम मेलबा गांव के रातानाड़ा से शुरू हुई जो कि सोशल मीडिया पर इतनी वायरल हुई कि देखते ही देखते मारवाड़ के कई गांवों में लोगों ने इसे अपनाया और भामाशाहों की मदद से वन्यजीवों के लिए मदद की यह श्रृंखला खड़ी हो गई।

**इंटैक ने की पहली मदद:** मेलबा गांव के रहने वाले श्रवण पटेल ने बताया कि पहला वाटर पॉइंट रातानाड़ा में इंटैक की सहायता से तैयार की गई। यह कॉन्सेप्ट उन्होंने तालछापर अभयारण्य में देखा था, जिसे यहां इंटैक व भामाशाहों की मदद से लागू किया। अब धवा-डोली क्षेत्र में बसे हिरण-चिंकारा जैसे वन्यजीवों को काफी राहत मिली।


धवा-डोली क्षेत्र में बनाया गया वाटर पॉइंट।

### वीडियो वायरल

**श्रवण** को फोटो-वीडियोग्राफी का शौक है और वे थार फोटोग्राफी नाम से सोशल मीडिया पर कंटेंट डालते हैं। पहले उन्होंने रातानाड़ा का और फिर अन्य स्थानों पर बन रहे वाटरटैंक को बनाने का वीडियो डाला। इसको 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने देखा और एक मुहिम के रूप में सामने आया।


श्रवण पटेल

### लोगों ने बनाने का तरीका जाना

**इस** वीडियो के वायरल होने के कारण कई लोगों ने श्रवण व उनकी टीम से संपर्क किया, उन्होंने इसे बनाने का तरीका व इसके बजट की जानकारी ली। इसके बाद नागौर, जैसलमेर, बाड़मेर के कई गांवों में लोगों ने इसको बनाने की प्रक्रिया शुरू की। चार से पांच दिन में 25 से 30 हजार की लागत में एक वाटर टैंक को बनाया गया। इसे ओरण या अन्य सावर्जनिक स्थानों पर बनाया गया, जिससे लोगों को काफी फायदा हुआ।

### सीवरेज के पानी ने बर्बाद कर दिए कई गांव

**जानकारी** के अनुसार जोधपुर, पाली व बालोतरा शहरों में चल रहे टेक्सटाइल, स्टील के साथ ही सीवरेज के पानी को नदियों में प्रवाहित किया जा रहा है, जिससे कई गांवों में लोगों की जमीनें, वनस्पति और वन्यजीवों को नुकसान हुआ है। इसी नुकसान के विरूद्ध इन लोगों ने यह मुहिम खड़ी की है।

**नकली टिकट से रेल यात्रा पर लगेगी लगाम**

## कोटा: ट्रेन के लोकल टिकट पर भी अब क्यूआर कोड

**मुकेश शर्मा**
patrika.com

**कोटा.** रेल मंत्रालय की ओर से ट्रेनों में लोकल यात्रा के लिए जारी किए जाने वाले टिकट पर भी अब क्यूआर कोड दर्ज होंगे। रेलवे ने लोकल यात्रा में टिकट समेत अन्य गड़बड़ियों पर लगाम लगाने के लिए ऐसा किया है। रेलवे लोकल टिकट में पूरी पारदर्शिता के लिए सिस्टम को कम्प्यूटराज्ड करने के साथ डिजिटल और ऑनलाइन मोड पर लगातार अपडेट कर रहा है।

रेलवे की ओर से अब तक ट्रेन में यात्रा के लिए रिजर्वेशन टिकट पर ही पैसेंजर नेम रेकॉर्ड (पीएनआर) दिया जाता था। ऐसे में उस टिकट को रेलवे के ऑनलाइन सिस्टम पर देखा जा सकता है। इसके चलते इसमें फर्जीवाड़े की गुंजाइश नहीं होती, लेकिन लोकल टिकट को भी ऑनलाइन करने के लिए रेलवे प्रयासरत था। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने लोकल टिकट की बुकिंग के लिए 'यूटीएस' मोबाइल ऐप जारी किया। इसमें काफी सफलता भी मिली। इसके बाद अब रेलवे ने नकली टिकट जारी होने की आशंका को समाप्त करने के लिए लोकल टिकट पर क्यूआर कोड की प्रिंटिंग भी शुरू कर दी है।

### ऑनलाइन मशीन से हो सकेगी चैकिंग

लोकल टिकट पर क्यूआर कोड प्रिंट होने से लोकल टिकट की चल परीक्षक ऑनलाइन जांच एचएचटी मशीन से कर सकेगा। कोटा रेल मंडल में रेलवे की ओर से सभी ट्रेनों में टिकट जांच के लिए 346 विशेष मशीन हैंड हेल्ड टर्मिलन (एचएचटी) मशीन पूर्व में ही जारी की जा चुकी हैं। यही नहीं, टिकट अपर्याप्त होने, अधिक सामान होने समेत टिकट में अनियमितता पाए जाने पर मशीन से ही ऑनलाइन पेनल्टी भी वसूल की जा सकेगी।



रेलवे स्टेशन पर जारी किया गया क्यूआर कोड वाला लोकल टिकट।

रेलवे के लोकल टिकट पर भी क्यूआर कोड प्रिंट करना शुरू कर दिया है। इससे जाली टिकट की आशंका समाप्त हो जाएगी। इसके साथ ही ट्रेन में टिकट को ऑनलाइन चैक किया जा सकेगा। रिजर्वेशन के बाद अब लोकल टिकट की चैकिंग भी ऑनलाइन करने की दिशा में रेलवे ने यह कदम उठाया है।

**रोहित मालवीय,** सीनियर डीसीएम, कोटा रेल मंडल

### ट्रेंडिंग वीडियो पत्रिका TV

1. 

शेयर मार्केट में हुआ बड़ा स्कैम, एक्शन में राहुल गांधी

2. 

एनडीए में शुरू हुई फूट, अड़ गए नीतीश कुमार

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

### न्यूज शॉर्ट्स

**डीएलएड प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम जारी**

**बीकानेर @ पत्रिका.** शिक्षा विभागीय परीक्षाएं पंजीयक की ओर से आयोजित डीएलएड प्रथम वर्ष परीक्षा 2023 के नियमित परीक्षार्थियों का परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। परीक्षा में 23504 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। 631 परीक्षार्थियों का परिणाम बाद में जारी होगा। सफल परीक्षार्थी अपना परिणाम डीएलएड टैब पर जाकर देख सकते हैं। डीएलएड प्रथम वर्ष परीक्षा में शामिल प्रोन्नत व पूर्ववर्ती श्रेणी के परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम भी बाद में जारी किया जाएगा।

**नागौर: बिजली का तार टूटकर गिरा, करंट से किसान की मौत**

**नागौर @ पत्रिका.** भावला गांव की सरहद पर स्थित खेत में कृषि कार्य करते समय करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार थोब गांव ओसियां निवासी जंवरीदास (36) का भावला गांव में ससुराल है। वह यहां खेत बंटाई पर लेकर कृषि का कार्य कर रहा था। गुरुवार सुबह खेत में काम करते समय अचानक ऊपर से निकल रही विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरने से उसे करंट लग गया। लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**जीत के जश्न में पूर्व विधायक की काटी जेब**

**जालोर @ पत्रिका.** मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी की जीत के जश्न में शरीक हुए रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल की जेब कट गई। मामला 4 जून को जालोर के आहोर सर्किल का है। भाजपा कार्यकर्ता हरीशचंद्र राणावत ने दर्ज रिपार्ट में बताया कि 4 जून को लुंबाराम चौधरी के विजयी जुलूस के दौरान रानीवाड़ा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल भी पहुंचे। शिवाजी नगर चौराहा के पास किसी ने उनका पर्स चुरा लिया।

**पिछली परीक्षाओं के मुकाबले क्वालीफाई करने वाले यूथ की संख्या में भी बढ़ोतरी**

# नीट में बढ़ रही राजस्थान के युवाओं की धाक, टॉपर्स देने में हम आ रहे आगे

पत्रिका स्पॉट लाइट

**अजय शर्मा**
patrika.com


फाइल फोटो

**सीकर.** राजस्थान के यूथ डॉक्टरी का क्रेज के साथ सक्सेज रेट भी लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इस बार नीट में पिछली परीक्षा परिणाम के मुकाबले राजस्थानी युवाओं ने सभी रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्रदेश के युवा उत्तरप्रदेश व महाराष्ट्र को छोड़कर देश में सबसे आगे रहे हैं। इस साल प्रदेश के 11 विद्यार्थियों को नीट में टॉप वन रैंक मिली है। कभी नीट में सिरमौर रहने वाले दिल्ली, गुजरात व कर्नाटक सहित अन्य राज्यों को भी हमारे युवाओं ने पीछे छोड़ दिया है। पिछले साल जहां राजस्थान के एक लाख युवाओं ने नीट क्वालीफाई की थी। वहीं, इस साल यह आंकड़ा 1.21 लाख तक पहुंच गया है।

यदि 720 में से 720 परफेक्ट स्कोर हासिल करने वाले विद्यार्थियों की बात की जाए तो राजस्थान 11 विद्यार्थियों के साथ देश में सिरमौर है। आठ अभ्यर्थियों के साथ तमिलनाडु दूसरे और 7 विद्यार्थियों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पायदान पर रहा है। बेटों से ज्यादा डॉक्टरी के पेशे में कॅरियर बेटियां देख रही हैं। इस साल पर परफेक्ट स्कोर हासिल करने वाले होनहारों में राजस्थान की चार बेटियां शामिल हैं। पिछले साल नीट में साढ़े ग्यारह लाख से अधिक बेटियां शामिल हुई, जिसमें से साढ़े छह लाख बेटियों ने नीट क्वालीफाई की। इस साल की बात करें तो लगभग 13.34 लाख छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई। इनमें से 7.69 लाख बेटियों ने नीट क्वालीफाई कर रेकॉर्ड बनाया है।

**वर्षवार पंजीयन**

| वर्ष | पंजीयन |
|---|---|
| 2019 | 1519375 |
| 2020 | 1597435 |
| 2021 | 1614777 |
| 2022 | 1872343 |
| 2023 | 2087462 |
| 2024 | 2406079 |

**किस साल कितने क्वालीफाई**




### बेरोजगारी दर कम, इसलिए चाह ज्यादा

डॉक्टरी के क्षेत्र में बेरोजगारी दर कम होने से युवाओं का क्रेज बढ़ रहा है। कई युवा सिविल सर्विस को कॅरियर बनाने के लिए भी इस फील्ड से होकर गुजरना चाह रहे हैं। पिछले साल राजस्थान से 145824 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इस साल राजस्थान के 174893 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था।

नीट में राजस्थान के युवा पीछे नहीं हैं। पिछले कुछ साल में राजस्थान के युवाओं ने टॉपर्स सूची में नाम जगह बनाना शुरू कर दिया है। टॉपर विद्यार्थियों में से राजस्थान के 11 विद्यार्थियों की नीट में पहली रैंक भी है, जो राजस्थान के लिए अच्छा संकेत है। चिकित्सकों की कमी दूर होने से स्वास्थ्य का ढांचा भी सुधरेगा।

**- डॉ. पीयूष सुण्डा,** कॅरियर काउसंलर, सीकर

**छात्रा आत्महत्या प्रकरण**

## डाउट क्लास गई थी, लेकिन जिंदगी का सवाल नहीं पूछा

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**कोटा.** नीट की तैयारी कर रही मध्यप्रदेश के रीवा की छात्रा बगिशा ने बुधवार को मल्टीस्टोरी की 9वीं मंजिल की गैलेरी से कूदकर आत्महत्या की थी। घटनास्थल के पास ही फ्लैट में रहने वाली महिला ने छात्रा को गैलेरी की दीवार पर बैठे देखा, लेकिन वह कुछ समझ पाती उससे पहले ही उसने छलांग लगा दी। यह घटना पास ही लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई। भाई पार्थ ने बताया कि बुधवार सुबह हम दोनों कोचिंग गए थे और 12 बजे घर आ गए थे। वह दो बजे डाउट क्लास गई थी। दोपहर 3.45 बजे मैंने जाकर पूछा था, कितनी देर में आ रही है? तो उसने कहा था- थोड़ी देर में आ जाऊंगी। कुछ देर बाद पड़ोस के लोगों ने आकर बताया कि बगिशा बिल्डिंग के नीचे गिरी हुई है। पिता विनोद तिवारी ने बताया कि नीट में बगिशा को 720 में से 320 नंबर ही आए थे। मैंने उससे कहा था कि नंबर कम आए हैं तो कोई बात नहीं। इस पर बगिशा ने कहा कि वह एक साल और तैयारी करना चाहती हैं। पता नहीं, फिर ऐसा कैसे कर लिया।

### कम अंक आने से तनाव में थी

थानाधिकारी हरिनारायण शर्मा ने बताया कि छात्रा बगिशा तिवारी (18) मां व भाई के साथ 5वीं मंजिल पर रहती थी। जानकारी के मुताबिक, एक दिन पहले ही नीट का रिजल्ट आया था। कम अंक आने से वह तनाव में थी। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिया है।

**छात्रा से बलात्कार व ब्लैकमेल प्रकरण**

## एबीवीपी का प्रदर्शन, पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग


प्रदर्शनकारियों द्वारा बैरिकेड गिराने के बाद लाठी फटकारती पुलिस।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**अजमेर.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने 11वीं की छात्रा को ब्लैकमेल कर रकम हड़पने व देहशोषण के मामले में गुरुवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई को कलक्ट्रेट के मुख्यद्वार पर बुलाना चाहते थे। खींचतान में बेरिकेड्स गिराने के बाद पुलिस ने छात्रों पर लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस ने छात्र नेता आसुराम डूकिया, रमेश गुर्जर व अन्य को हिरासत में लिया। कुछ देर बाद उन्होंने एसपी विश्नोई को ज्ञापन दिया। छात्र नेताओं ने प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई, सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने व पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विगत दिनों छात्रा के सोशल मीडिया पर दोस्ती कर अश्लील फोटो व मैसेज भेजकर ब्लैकमेल करने, रकम वसूली और गैंगरेप का मामला क्रिश्चियनगंज थाने में दर्ज हुआ। वारदात में रातीडांग के इरफान, अरबाज व उनके साथियों ने नाबालिग छात्रा के साथ कृत्य किया था।

### एफएसएल जांच के लिए भेजा मोबाइल

क्रिश्चियन गंज थाने में दर्ज हुए प्रकरण में प्रकरण में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 6 युवकों को गिरफ्तार करने के साथ एक बालअपचारी को निरुद्ध किया। पुलिस ने आरोपी इरफान व अरबाज का मोबाइल जब्त कर एफएसएल जांच के लिए भेजा है।

**फोटो स्टोरी**

## जिम्मेदारों ने सड़क बना दी, सूख गए पेड़




नया गांव मार्ग पर सड़क किनारे सूख रहे पेड़

**पाली.** पाली शहर के नया गांव मार्ग पर कुछ माह पूर्व सड़क का निर्माण करवाया गया। सड़क किनारे लगे हरे-भरे पेड़ों के आस-पास सीसी रोड बनाई गई। सीसी सड़क के निर्माण के दौरान पेड़ों के आस-पास गड्ढा भी नहीं छोड़ा गया। जिसके चलते इन पेड़ों को न तो पानी मिला और न ही ऑक्सीजन। इस कारण कई पेड़ सूख गए। जिम्मेदारों ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। फोटो: *सुरेश हेमनानी*

**गुजरात के राजकोट से किया था गिरफ्तार**

## गलत किडनी निकालने के आरोपी चिकित्सक को जेल

**झुंझुनूं @ पत्रिका.** महिला की किडनी का गलत ऑपरेशन के मामले में गिरफ्तार चिकित्सक संजय धनखड़ को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार हाउसिंग बोर्ड के धनखड़ अस्पताल में डॉ. संजय धनखड़ ने नूआं गांव की 55 वर्षीय महिला ईद बानो की संक्रमित किडनी की जगह सही किडनी निकाल दी। मामला सामने आने के बाद अस्पताल को सीज कर दिया गया। वहीं महिला की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद आरोपी संजय धनखड़ फरार हो गया था। पुलिस ने उसे बुधवार को गुजरात के राजकोट से गिरफ्तार कर एक दिन का रिमांड लिया था।

**31 मार्च तक करनी थी**

## डीपीसी तीन सत्रों से नहीं हुई, चौथे सत्र की भी हो गई बकाया

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**बीकानेर.** शिक्षा विभाग में वरिष्ठ शिक्षकों की डीपीसी तीन शिक्षा सत्रों से नहीं हो रही थी। इसे देखते हुए शिक्षकों की डीपीसी का रास्ता खोल कर संयुक्त निदेशकों से सूचियां देने का आदेश जारी किया था। प्रदेश में 47 हजार से ज्यादा वरिष्ठ अध्यापकों की पात्रता सूची तैयार भी हो गई थी। चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाने के कारण अमल नहीं हो सका। इस कारण चौथे सत्र की डीपीसी बकाया हो गई। अब चुनाव परिणाम भी आ गए हैं। केंद्र में नई सरकार के गठन के साथ ही डीपीसी पूरी होगी और पदोन्नति का इंतजार कर रहे वरिष्ठ शिक्षकों की उम्मीदें पूरी होंगी। तीन साल में क्रमोन्नत हुए 6 हजार स्कूलों में 18 हजार व्याख्याताओं के पदों को वित्तीय स्वीकृति नहीं मिलने पर उन्हें भी डीपीसी की काउंसलिंग में शामिल नहीं किया जा रहा। अब नए सत्र की शुरुआत में सरकारी स्कूल में व्याख्याताओं की कमी हो जाएगी।

### पेंच यह भी...

डीपीसी सूची में करीब पांच हजार से भी ज्यादा वे शिक्षक शामिल हैं, जो 2018-19 में पदोन्नति का परित्याग कर चुके थे। स्थानांतरण से बचने के लिए शिक्षक इस बार भी पदोन्नति का परित्याग करने की संभावना है। रिव्यू डीपीसी और काउंसलिंग के साथ खाली पदों के लिए री-काउंसलिंग की ये प्रक्रिया पूरी होना मुश्किल हो गया है।

**अनदेखी** | पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए थे पैनोरमा

# सरकार ने प्रदेशभर में बनाए 46 पैनोरमा, संरक्षण के अभाव में जमी धूल

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**नागौर.** प्रदेश में राज्य सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के सहयोग से बनाए गए साधु-संतों, लोकदेवताओं और महापुरुषों के कई पैनोरमा पर वर्तमान में ताले लगे हैं। सरकार ने विभिन्न जिलों में पैनोरमा तो बना दिए, लेकिन इनके संरक्षण की कोई ठोस योजना नहीं बनाई।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में करोड़ों रुपए खर्च कर प्रदेश में 46 पैनोरमा बनाए, गए, ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों एवं भावी पीढ़ी को प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक धरोहर की जानकारी मिल सके। नागौर में चार पैनोरमा बनवाए। इनमें वीर तेजाजी पैनोरमा खरनाल, वीर अमरसिंह राठौड़ पैनोरमा नागौर, गुरु जम्भेश्वर पैनोरमा पीपासर व भक्त मीराबाई पैनोरमा मेड़ता सिटी शामिल हैं। इनमें मीराबाई पैनोरमा के अलावा तीन पर ताले लगे हैं। राजे ने 2018 के चुनाव से पहले 16 पैनोरमा का उद्घाटन व तीन पैनोरमा का शिलान्यास किया था। इनके संचालन की व्यवस्था नहीं करने से ज्यादातर पैनोरमा में धूल जमी है।



नागौर में बना वीर अमरसिंह राठौड़ पैनोरमा।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद संबंधित उपखंड अधिकारियों की बैठक लेकर पैनोरमा को आमजन के लिए खुलवाने का प्रयास करेंगे।

**- अरुण कुमार पुरोहित, जिला कलक्टर, नागौर।**

### प्रतिमाएं हो गई खंडित

**बारां.** नेशनल हाईवे 27 पर वर्ष 2018 में 4.50 करोड़ की लागत से बनाया गया हाड़ौती पैनोरमा में कई प्रतिमाएं खंडित हो चुकी है। विद्युत सामान चोरी हो गए है।

### पैनोरमा की दुर्दशा, चोरी हो गई मूर्तियां


संत नागरीदास पैनोरमा।

**किशनगढ़.** गुंदोलाव झील के बीचों-बीच 1. 40 करोड़ की लागत से संत नागरीदास का पैनोरमा बना है। यहां लगी कई मूर्तियां चोरी हो चुकी हैं। राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण का अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत किशनगढ़ आए और उन्होंने इसके पुनः जीर्णोद्धार की घोषणा की।

**महक ने किया कमाल**

## बारहवीं की सीडब्लूएसएन परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**झुंझुनूं.** हौंसले बुलंद हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। सिंघाना की दिव्यांग बालिका महक ने 12वीं विज्ञान वर्ग (सीडब्लूएसएन) के परिणाम में सभी विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर कमाल किया है। महक शरीर के बाएं हिस्से से लकवाग्रस्त हैं। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से दिव्यांग/चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स (सीडब्लूएसएन) विद्यार्थियों का कक्षा 12वीं का परिणाम हाल में घोषित किया गया था। जिले के प्रभारी एपीसी (समसा) कमलेश तेतरवाल ने बताया कि जयसिंह राउमावि खेतड़ी की छात्रा महक के सभी विषयों में शत-प्रतिशत अंक आए हैं। महक के पिताजी सत्यनारायण इलेक्ट्रीशियन हैं और मां सुमित्रा देवी सिलाई का काम करती है। महक ने 12वीं बोर्ड के साथ ही जेईई मेंस की परीक्षा दी है। जिसमें उसकी अपनी कैटेगरी में आल इंडिया रैंक 141 है तथा जेईई एडवांस का परिणाम आना अभी बाकी है।


छात्रा महक।

हैवानियत

## नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप, सभी 6 आरोपी गिरफ्तार

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**जशपुरनगर.** जिले के एक गांव में रात को 12 बजे शादी समारोह से अपने घर लौट रही नाबालिग को 6 युवकों ने अगवा कर पास के जंगल में ले जाकर हवश का शिकार बनाया। पीड़िता बलरामपुर जिले से मेहमानी में आई हुई थी। पीड़िता अपनी सहेली के साथ पैदल अपने घर वापस आ रही थी, तभी रास्ते में शराब के नशे में एक युवक व दो नाबालिग पीड़िता को जबरदस्ती खींचते हुए जंगल की ओर ले जाने लगे। तभी सहेली घबराकर वहां से भाग गई। इसके बाद तीनों ने पीड़िता से सामुहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। कुछ देर बाद वहां दो नाबालिग से समेत तीन अन्य आरोपी पहुंचे। उन्होंने भी पीड़िता से बलात्कार किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस में मामले की शिकायत की। जशपुर एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें दो आरोपी युवकों को जेल और चार नाबालिग आरोपियों को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

## शिकायत मिलते ही तीन युवकों का काटा चालान

**रायपुर@ पत्रिका.** स्टंटबाजों और वाहन चलाते समय लापरवाही करने वालों पर एक्शन लेने के लिए रायपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर नंबर जारी किया है। इसमें ट्रैफिक उल्लंघन और स्टंटबाजी करने वालों के वीडियो, फोटो आदि भेजकर शिकायत कर सकते हैं। सोशल मीडिया में मिली शिकायत के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की।

## आचार संहिता से अटके अवैध निर्माण को वैध करने की प्रक्रिया होगी शुरू

**रायपुर.** शहर में अवैध निर्माण को वैध करने के आवेदन बीते 8 माह से लंबित हैं। अब जल्द ही लंबित आवदेनों के निराकरण की संभावना है। अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण किए जाने के सम्बन्ध में समिति की आठ बैठक हो चुकी हैं। इनमें 10872 निर्माणों को वैध किया गया है। आचार संहिता के पहले हर माह की 15 तारीख को कलेक्टर नियमितीकरण के संबंध में बैठक लेते थे। अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद बैठकों का सिलसिला रोक दिया गया था।

मेडिकल कोर्स : साढ़े चार साल में यूजी 5800 रुपए और पीजी के लिए तीन साल में लगते हैं 3000 रुपए

# एम्स : 1289 रुपए में एमबीबीएस और 1000 में एमडी-एमएस की पढ़ाई

### प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में 40 हजार तो निजी में सालाना 7.41 से 7.99 लाख रुपए एमबीबीएस की फीस

पत्रिका एक्सप्लेनर

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** एम्स रायपुर में बहुत कम फीस में यूजी व पीजी कोर्स की पढ़ाई हो रही है। हर साल 1289 रुपए में एमबीबीएस और 1000 रुपए में एमडी-एमएस की सालाना फीस में पढ़ाई हो रही है। सुनने-पढ़ने में तो ये आश्चर्य लगता है, लेकिन ये सही है। देश के किसी मेडिकल कॉलेज में इतनी सस्ती पढ़ाई कहीं और नहीं होती होगी। चूंकि, ये केंद्रीय संस्थान है इसलिए छात्रों से नॉमिनल फीस ली जाती है। यही नहीं, हॉस्टल भी फ्री है। नीट में 660 से 670 स्कोर लाने पर एम्स में प्रवेश हो जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस साल भी यही कट ऑफ मार्क्स में प्रवेश होने की संभावना है।

एम्स में एमबीबीएस के साढ़े 4 साल के कोर्स की पूरी फीस 5800 रुपए हैं। जबकि, पीजी के तीन साल के कोर्स में केवल 3 हजार रुपए खर्च होता है। छत्तीसगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की एक साल की फीस 40 हजार तो निजी में 7.41 से 7.99 लाख रुपए है। पूरे कोर्स की फीस की बात की जाए तो सरकारी मेडिकल कॉलेज में 1.80 लाख व निजी कॉलेजों में 33.34 लाख से 35.95 लाख रुपए है। सरकारी व निजी कॉलेजों की तुलना में एम्स में कई गुना सस्ती पढ़ाई हो रही है। नीट यूजी का रिजल्ट 4 जून को घोषित हुआ। इसके बाद नीट देने वाले छात्र रैंक व स्कोर के अनुसार ये आकलन कर रहे हैं कि उन्हें किस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीट मिल सकती है। एम्स समेत देश के सभी सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस में एडमिशन के लिए काउंसिलिंग जुलाई-सितंबर में शुरू होने की संभावना है। ऐसे में पत्रिका ने प्रदेश स्थित एम्स, सरकारी और निजी कॉलेजों में फीस की पड़ताल की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।



**एम्स व मेडिकल कॉलेजों में सालाना फीस**

| कॉलेज | एमबीबीएस | पीजी |
| --- | --- | --- |
| एम्स | 1289 | 1000 |
| सरकारी कॉलेज | 40 हजार | 20 हजार |
| निजी कॉलेज | 7.41-7.99 लाख | 7 से 10 लाख |

**एम्स में क्वालिटी एजुकेशन पर जोर**

**केंद्र** सरकार के अनुदान से चलने वाले एम्स में क्वालिटी एजुकेशन पर जोर दिया जाता है। यही कारण है कि छात्रों को नहीं के बराबर फीस देनी होती है। हॉस्टल में जहां फ्री रहने की सुविधा है, वहीं मेस में खाने के लिए स्टूडेंट्स को काफी मामूली खर्च करना पड़ता है।

**टॉपिक एक्सपर्ट**

प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एक समान फीस रखी गई है, जिससे एकरूपता बनी रहे। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए अच्छी रैंक जरूरी है। एम्स जैसी पढ़ाई का सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कराने का प्रयास किया जाता रहा है।

**डॉ. विष्णु दत्त,** रिटायर्ड डीएमई

एम्स केंद्र सरकार से अनुदान प्राप्त संस्थान है। इसलिए वहां देश में सबसे कम खर्च पर एमबीबीएस व एमडी-एमएस की पढ़ाई होती है। प्रदेश के निजी कॉलेजों में फैकल्टी व इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुसार फीस रखी गई है। ये दूसरे राज्यों की तुलना में कम है।

**डॉ. देवेंद्र नायक,** चेयरमैन, बालाजी मेडिकल कॉलेज

### दुनिया के टॉप 100 में 23वें नंबर पर दिल्ली का एम्स

**दुनिया** के टॉप 100 कॉलेजों में दिल्ली का एम्स कॉलेज 23वें नंबर पर है। इस कॉलेज ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को भी पीछे छोड़ दिया है। वर्ष 2022 में यूएसए की एक मशहूर हैल्थ मैग्जीन के सर्वे में एम्स ने अपना लोहा मनवाया है। दुनिया के मशहूर मेडिकल कॉलेज ऑक्सफोर्ड मेडिकल कॉलेज व यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन से बेहतर कॉलेज एम्स को चुना गया था। रायपुर में भी दिल्ली के एम्स जैसे पढ़ाई हो रही है।

जनादेश 2024 : राज्य भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में सीएम बोले-

# भाजपा प्रत्याशियों ने बड़े-बड़े सूरमाओं का बना दिया चूरमा





बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय। लोकसभा चुनाव में सभी 10 विजयी भाजपा प्रत्याशी।

### कहा- जनता के आशीर्वाद से मिली ऐतिहासिक जीत

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े-बड़े सूरमाओं को हमारे प्रत्याशियों ने चूरमा बना दिया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को पटखनी देकर और चार-चार पूर्व मंत्रियों को हराकर हमारे प्रत्याशी जीतकर आए हैं। मैं सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। चुनाव में जनता के आशीर्वाद से मिली ऐतिहासिक जीत के बाद जिम्मेदारी और बढ़ गई है। जिस पर हम सबको खरा उतरना है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली और केंद्र में भी एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता की मुहर है। साय ने कहा, तपती गर्मी में पार्टी के कार्यकर्ता, संगठन के पदाधिकारी, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं सदस्यों के कठिन परिश्रम की बदौलत हमें ऐतिहासिक परिणाम प्राप्त हुए हैं। पड़ोसी राज्य झारखंड और ओडिशा की जीत का श्रेय राज्य के मंत्रियों, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को देते हुए उन्होंने कहा, सबके अथक मेहनत से हमने दोनों राज्यों में भाजपा का परचम लहराया है।

### केंद्र व राज्य की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाना है : देव

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, जब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हुआ था तो उस समय के एक्जिट पोल में भाजपा को कम सीटें मिलती बताई जा रही थी, लेकिन प्रदेश की जनता ने भाजपा को अपना भरपूर समर्थन और आशीर्वाद देते हुए प्रदेश की 54 विधानसभा सीटों पर छत्तीसगढ़ में एक मजबूत सरकार बनाने का जनादेश दिया। देव ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार विधानसभा चुनाव के दौरान किए अपने सभी वादों को प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तेजी के साथ पूरा कर रही है। अब हमें केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी मिल सके।

### कांग्रेस की हार के लिए बाहरी प्रत्याशी मुख्य वजह: धनेंद्र साहू

**प्र**देश में हुए लोकसभा चुनाव में दस सीटों पर कांग्रेस की करारी हार को लेकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने गलत प्रत्याशी चयन को जिम्मेदार बताया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की हार के बाद भाजपा के बयानों का पलटवार किया है। उन्होंने कहा, इस हार की समीक्षा होनी चाहिए। हमारी चुनाव में बड़े चेहरों को लड़ाने पर सहमति बनी थी, लेकिन कोई व्यक्ति बाहर (दूसरी सीटों पर) जाकर चुनाव लड़े इसे लेकर सहमति नहीं थी। बाहरी चेहरे को बतौर प्रत्याशी चुनावी मैदान पर उतारना मुद्दा बना, इसकी समीक्षा होनी चाहिए। दुर्ग लोकसभा से चार से पांच लोगों को जगह मिली थी, लेकिन हम वहीं से इतनी बुरी तरह से हार गए।

**यह पार्टी का आंतरिक मामला, मंत्री नेताम को बोलने का कोई हक नहीं**

**लोकसभा** चुनाव में कांग्रेस की हार पर मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा था कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का लीडर कौन है पता नहीं, पर कांग्रेस की हार का जिम्मा लेने वाला कोई नहीं है। इस बयान पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा, यह हमारी पार्टी का आंतरिक मामला है। उन्हें इस पर बोलने का हक नहीं है।

सीसीपीएल का आगाज आज : ब्रांड एंबेसडर रैना भी रहेंगे उपस्थित

## रायपुर और बिलासपुर में वर्चस्व की जंग

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर टी-20 लीग (सीसीपीएल) का गुरुवार को आगाज होने जा रहा है। 16 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के सभी मैच नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच में रायपुर रायनोज और बिलासपुर बुल्स के बीच भिड़ंत होगा। दोनों टीमें बराबरी की मानी जा रही हैं। इसलिए दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। रायपुर रायनोज की टीम छत्तीसगढ़ रणजी टीम के कप्तान अमनदीप खरे की कप्तानी में उतरेगी। वहीं, बिलासपुर की टीम आईपीएल 2024 में पंजाब की ओर से धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह के नेतृत्व में उतरने जा रही हैं। उद्घाटन अवसर पर इंडियन प्लेबैक सिंगर बी प्राक अपने डांस ग्रुप के साथ प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर सीसीपीएल के ब्रांड एम्बेस्डर सुरेश रैना भी मौजूद रहेंगे।

**इन सितारों के बीच होगी भिड़ंत**

**रायपुर रायनोज:** अमनदीप खरे (कप्तान), आशीष चौहान, अनुज तिवारी अमित कुमार यादव, मो. साहबाज हुसैन, दक्ष कुमार पारख (विकेटकीपर), हर्ष शर्मा, सहबन खान, वैभव साहू, गर्व कुमार सिंह (बल्लेबाज), मयंक यादव, अभिषेक खरे (ऑलराउंडर)।

**गेंदबाज:** अरिन द्विवेदी, ओम वैष्णव, श्रेयम सुदरंम, सुमित रुईकर, प्रशांत साई पैकरा, मो. सोहैल, परिवेश धार, विजय शर्मा, कृष्णा टांक।

**टाइम लाइन**

शाम 5 बजे
**उद्घाटन कार्यक्रम**

शाम 8 बजे
**उद्घाटन मैच शुरू**





**बिलासपुर बुल्स:** शशांक सिंह (कप्तान), आयुष पांडेय, शोबित शर्मा, अभिजीत टाह, वैभव पांडेय, हर्ष साहू (विकेटकीपर), यश कुमार वर्धा, प्रतीक यादव, अनुराग मिश्रा, गौरव कुमार सिंह (बल्लेबाज), मो. इरफान, शुभम मौर्या (आलराउंड)।

**गेंदबाज:** दीपक सिंह बघेल, जितेश चौहान, जितेश कुमार वर्मा, वरुण कुमार भुई, विश्वरंजन त्रिपाठी, मो. शाहनवाज हुसैन, रुद्र प्रताप, भारत गोंडवानी, अतुल शर्मा।

लाल आतंक : ईरकभट्टी में चार बीजीएल दागे, एक फटा, तीन साबुत बरामद

## नक्सलियों का कैम्प पर हमला, जवान सुरक्षित

**पत्रिका ब्यूरो @ नारायणपुर.** अबुझमाड़ इलाके में 4 कैंप स्थापित करने से नाराज नक्सलियों ने ईरकभट्टी स्थित कैम्प पर बुधवार देर रात हमला किया है। इस हमले में नक्सलियों ने कैम्प पर 4 बीजीएल दागे हैं। लेकिन कैम्प पर दागे 3 बीजीएल फट नहीं पाए। वही एक बीजीएल फटा है। लेकिन इससे बड़ी दुर्घटना टल गई। सभी जवान सुरक्षित हैं। इस हमले के जवाब में जवानों की कार्रवाई से नक्सली भाग खड़े हुए।

सुरक्षाबलों के कैंप स्थापित होने से नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगा है। इससे नक्सली बौखला गए हैं। हमले में सभी जवान सुरक्षित हैं।
**-सुंदरराज पी,** आई जी, बस्तर



कोतवाली व आमानाका थानाक्षेत्र से चोरी हुई दो दोपहिया

## बेखौफ दोपहिया चोर : दूसरे राज्यों से लेकर कबाड़ियों के यार्ड में खप रही चोरी की गाड़ियां

**रायपुर @ पत्रिका.** शहर में बेखौफ दोपहिया चोरों ने दो थाना क्षेत्र में फिर वारदात को अंजाम दिया। कोतवाली और आमानाका इलाके से दोपहिया चुराकर फरार हो गए। शहर में रोज दोपहिया वाहन चोरी होने का सिलसिला चल रहा है। दोपहिया चुराने वालों का संपर्क दूसरे राज्य के दलालों से लेकर स्थानीय कबाड़ियों से भी है। चोरी की दोपहिया वाहनों को दूसरे राज्य के ग्रामीण इलाके में सस्ते में बेच देते हैं, तो दूसरी ओर लोकल कबाड़ियों को भी बेचते हैं। दोपहिया चुराने वालों को पुलिस पकड़ नहीं पा रही है। इसके चलते इनके हौसले बुलंद हैं। उल्लेखनीय है कि शहर से रोज दोपहिया वाहर चोरी हो रहे हैं। मई माह में 84 दोपहिया वाहनों की चोरी हुई है, जिसे पुलिस ढूंढ नहीं पाई है। लोग थानों के चक्कर काटकर परेशान हैं।

**दो थाना क्षेत्रों में फिर हुई चोरी:** कोतवाली इलाके में बागडी नर्सिंग होम सामने बूढ़ापारा में मकरंद किशोर की दोपहिया सीजी 04 एम 7345 खड़ी थी। इस दौरान अज्ञात चोर ने दोपहिया पार कर दिया। इसकी शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपी का अब तक पता नहीं चल पाया है। इसी तरह टाटीबंध देशी शराब दुकान पास से दउवा साहू की दोपहिया सीजी 04 एनजे 5024 को अज्ञात चोर ले भागे।

## बेबीलॉन होटल प्रबंधन को तोड़ना पड़ा नाले पर कब्जा

**रायपुर@पत्रिका.** शहर के बड़े-बड़े नालों पर रसूख के दम पर कब्जा करने का खेल कई सालों से चला आ रहा है। सख्ती से रोक नहीं लगने की वजह से खामियाजा आम लोगों को बरसात के दिनों में भुगतना पड़ता है। रसूख के दम पर वीआईपी रोड से लगे हुए सबसे बड़े नाले पर जिस बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल प्रबंधन ने कब्जा कर रखा, उसे अब मजबूर होकर तोड़ना पड़ रहा है। इससे नाले का 15 फीट चौड़ा और 300 मीटर लंबा अवैध कब्जा हटाने की मशक्कत चल रही है।

इस नाले पर होटल प्रबंधन ने किचन, कर्मचारियों के क्वार्टर सहित कई निर्माण अवैध रूप से करा लिए थे। अवैध कब्जा हटने से शहर के कई हिस्सों में पानी भरने से बचेगा। पिछले दिनों निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन कमिश्नर संतोष पांडेय ने इस होटल के अवैध कब्जे के एक हिस्से को तोड़ते हुए यह साफ कर दिया था कि पूरी तरह से अवैध कब्जा हटाना पड़ेगा। इस नाले से कई क्षेत्रों में भरता था पानी नाले पर होटल का अवैध कब्जा होने की वजह से कई कॉलोनियों में पानी भरता था। अब कब्जा हटने से नालों की सफाई एक छोर से दूसरे छोर तक होने से लोगों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। वहीं, स्टेशन रोड पर नाले पर मां शारदा ट्रेडर्स ने कब्जा करके दो दुकानें खोल ली हैं।



### शैलेंद्रनगर तक भरता था पानी

**वीआईपी** रोड के इस नाले पर आधा किमी तक अवैध कब्जा होने से शहर का एक बड़ा हिस्सा डुबान में बदल जाता है। अमलीडीह से लेकर रिंग रोड के तेलीबांधा के मोहल्ले और पुराना विश्राम गृह परिसर बरसात में लबालब हो जाया करता था। क्योंकि अवैध को हटाने के बजाय सफाई केवल खानापूर्ति के लिए की जाती थी।

प्रोडक्शन वारंट पर 10 को सुनवाई

## ईओडब्ल्यू ने रानू और सौम्या को 18 जून तक भेजा जेल

**रायपुर @ पत्रिका.** ईओडब्ल्यू की पूछताछ पूरी होने के बाद निलंबित आईएएस रानू साहू और राज्य सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया को 18 जून तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। दोनों को अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर की अदालत में पेश किया गया। उपसंचालक अभियोजक मिथलेश वर्मा ने न्यायाधीश को बताया कि इस समय कोयला घोटाले की जांच चल रही है। जांच अपूर्ण होने को देखते हुए 13 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजने का अनुरोध किया, जिसे न्यायाधीश ने स्वीकृत कर लिया। बता दें कि इसी प्रकरण की पूछताछ करने निलंबित आईएएस समीर विश्नोई और कारोबारी सूर्यकांत त्रिपाठी को रिमांड पर लिया गया है। इसकी अवधि पूरी होने पर दोनों 10 जून को अदालत में पेश किए जाएंगे।

ईडी ने शराब घोटाले में अनवर ढेबर, अरविंद सिंह, एपी त्रिपाठी और त्रिलोक सिंह ढिल्लन एवं ईओडब्ल्यू ने महादेव सट्टा में नितीश दीवान के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट का आवेदन लगाया था। इस पर 10 जून को सुनवाई होगी। बताया जाता है कि दोनों ही जांच के न्यायाधीशों के अवकाश पर रहने के कारण अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनवाई को आगे बढ़ा दी है।

#AmbedkarHospital बिल्डिंग निर्माण में 42 करोड़ रुपए होंगे खर्च, पीडब्ल्यूडी को मिला है टेंडर

# 300 बेड का एक्सटेंशन, दो साल पहले स्वीकृति, पर निर्माण शुरू नहीं

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** आंबेडकर अस्पताल में 300 बेड का एक्सटेंशन किया जाएगा। इसके लिए दो साल पहले 42 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। पीडब्ल्यूडी ने टेंडर भी कर दिया है, लेकिन इसका निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है। आचार संहिता के बाद बिल्डिंग निर्माण शुरू होने की संभावना है। अस्पताल के एक्सटेंशन के बाद बेड की मारामारी खत्म होने की संभावना है।

एक्सटेंशन होने वाली बिल्डिंग में 60 बेड के आईसीयू से लेकर पैथोलॉजी लैब, नया ऑपरेशन थिएटर भी बनाया जाएगा। नई बिल्डिंग कैंसर विभाग वाली बिल्डिंग के ऊपर बनाई जाएगी। अभी यह दो मंजिला बिल्डिंग है। इसी बिल्डिंग का एक्सटेंशन कर कुल 6 मंजिला बनाया जाएगा। यानी 5 नई मंजिल बनाई जाएगी। ड्राइंग व डिजाइन को पहले ही अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस बिल्डिंग में कैंसर के अलावा दूसरे विभागों को बेड दिया जाएगा। 5 मंजिला बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर प्रशासनिक कार्यालय व पैथोलॉजी लैब होगा। वहीं दूसरे से छठवें फ्लोर तक 60-60 बेड का वार्ड भी बनाया जाएगा। इसमें डॉक्टरों के ड्यूटी रूम से लेकर नर्सिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। 5वीं मंजिल में आईसीयू व टॉप फ्लोर पर ऑपरेशन थिएटर भी रहेगा। ओटी मॉड्यूलर बनाया जाएगा। अभी अस्पताल में एक भी मॉड्यूलर ओटी नहीं है। मॉड्यूलर ओटी में ऑपरेशन के दौरान संक्रमण की संभावना कम होती है। इसलिए ज्यादातर बड़े निजी अस्पतालों में मरीजों का ऑपरेशन मॉड्यूलर ओटी में किया जा रहा है।

### अभी 1252 बेड का अस्पताल मेडिसिन व गायनिक में जगह नहीं



**अस्पताल** में अभी कुल 1252 बेड है। अस्पताल का एक्सटेंशन होने के बाद बेड की संख्या 1552 पहुंच जाएगी। इससे दूरदराज से आने वाले मरीजों को बेड के लिए चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। मेडिसिन विभाग में 240 से ज्यादा बेड है। इसके बाद भी सीजनल बीमारियों के समय जमीन पर बेड लगाकर मरीजों का इलाज करना पड़ता है। डॉक्टरों के अनुसार बेड बढ़ाने से मरीजों का बेहतर इलाज हो पाएगा। इलाज के लिए कंसल्टेंट से लेकर जूनियर डॉक्टर पर्याप्त है। गायनिक में हमेशा बेड की कमी पड़ती है। दरअसल, यहां रेफरल मरीज भी आते हैं। इस कारण यहां एक-एक बेड पर दो-दो महिलाओं का इलाज किया जाता है।

### आईसीयू में 60 बेड, लेकिन कम पड़ रहे

**आईसीयू** में 60 से ज्यादा बेड है, लेकिन गंभीर मरीजों के लिए यह कम पड़ जाता है। आईसीयू में 60 बेड और बढ़ जाने से गंभीर मरीजों के इलाज में बड़ी सुविधा होगी। अभी आंको सर्जरी का अलग आईसीयू है। हार्ट के मरीजों के लिए एसीआई में आईसीयू है। जबकि मेडिसिन, जनरल सर्जरी के लिए अलग आईसीयू है। 10 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी है, जिसमें अति गंभीर मरीजों का इलाज किया जाता है। यह एनीस्थीसिया विभाग के जिम्मे है। कोरोनाकाल में आईसीयू को बंद कर कोरोना आईसीयू बनाया गया था। पिछले दो माह से एक भी कोरोना के मरीजों का इलाज नहीं चल रहा है।

# सोने से सौंदर्य का सीतासागर...



पत्रिका फोटो स्टोरी

**पत्रिका.** गर्मी के लौटते कदम जहां मौसम में बदलाव का संकेत दे रहे हैं, वहीं सीतासागर की जल राशि में मंदिरों के प्रतिबिंब आध्यात्मिक आनंद की नई अनुभूति करवा रहे हैं। अब पीतांबरा कॉरिडोर के तहत आने वाले सीतासागर तालाब को भी अब संवारा जाएगा। शक्तिपीठ की इस पवित्र धरा पर सीतासागर का तट मंदिरों की श्रृंखला के लिए भी जाना जाता है।

### जीतू पटवारी के भाई पर हत्या का प्रयास सहित आधा दर्जन मुकदमे हैं दर्ज

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के भाई नाना पर कानून का शिकंजा, तड़ीपार का नोटिस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अब एक नई मुश्किल से घिर गए हैं। उनके छोटे भाई नाना उर्फ कुलभूषण पटवारी (36) के तड़ीपार के नोटिस पर गुरुवार को पुलिस कमिश्नर की अदालत में तारीख लगी। वकीलों ने जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार कर लिया गया। मालूम हो, नाना पर हत्या का प्रयास के दो व बवाल करने के आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। इस पर पिछले दिनों पुलिस ने तड़ीपार का नोटिस दिया था। नाना का पहला अपराध 2012 तो आखिरी दो अपराध विस चुनाव के दौरान के हैं। एक मुकदमा पार्षद रहे पुष्पेंद्र चौहान की शिकायत पर दर्ज किया गया था। छह मुकदमे बवाल के हैं। शासकीय कार्य में बाधा, छेड़छाड़ के अलावा हत्या के प्रयास के दो मुकदमे दर्ज हैं। दो मुकदमे एससी-एसटी के तहत हैं।



### प्रकरणों को निपटाने में जुटे पटवारी

गौरतलब है कि नाना पटवारी पर विधानसभा चुनाव के पहले सात प्रकरण दर्ज थे, जिसमें से दो में वे फरार थे। चुनाव को देखते हुए अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी, जो मंजूर हो गई। बाद में चुनाव के दौरान दो अपराध और दर्ज हो गए। जिसे लेकर पुलिस पर कार्रवाई का लगातार दबाव आ रहा था।

**वकील हुए पेश:** पटवारी को तड़ीपार के नोटिस पर गुरुवार को पेश होना था, लेकिन उनकी बजाए वकील पेश हुए। उन्होंने कार्रवाई का रेकॉर्ड लेने के बाद जवाब देने के लिए समय मांगा। पुलिस कमिश्नर ने अगली पेशी पर जवाब देने को कहा है।

नाना उर्फ कुलभूषण पटवारी के लगातार अपराधों को देखते हुए जिलाबदर का नोटिस दिया गया। गुरुवार को पेशी पर वकील उपस्थित हुए, जिन्हें जवाब देने के लिए समय दिया गया।

**-राकेश गुप्ता,** पुलिस कमिश्नर

## न्यूज शॉर्ट्स

### 16 लाख की ड्रेनेज लाइन की फाइल एक करोड़ की

**इंदौर.** सिरपुर क्षेत्र की बड़ी आबादी वाले गीता नगर के वार्ड क्रमांक 1 में हर साल बरसात में आयशा मस्जिद और उसके आसपास की गलियों में जलजमाव की समस्या होती है। निराकरण के लिए यहां ड्रेनेज लाइन डालने का प्रस्ताव बनाया गया। ड्रेनेज लाइन डालने की दो फाइलें नगर निगम में हैं। एक में 16.97 लाख रुपए तो दूसरी फाइल में इसी जगह लाइन डालने के लिए 1.34 करोड़ का बिल बनाकर भुगतान की तैयारी थी।

### दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी को भेजा जेल

**जबलपुर.** रेलवे की मिलेनियम कॉलोनी में हुए दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी मुकुल सिंह को पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि दस दिन बाद फिर उसे रिमांड पर लिया जाएगा। टीम उसे उन जगहों पर लेकर जाएगी, जहां उसने फरारी काटी। हत्याकांड की दूसरी आरोपी राजकुमार की बेटी को न्यायालय दो जून को शहडोल स्थित बालिका सम्प्रेषण गृह भेजा था।

### लैपटॉप में मिला लाखों रुपए का हिसाब-किताब

**जबलपुर.** शहर के गोरखपुर के पंचशील नगर और साईं नगर से पुलिस ने बुधवार रात चार सटोरियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से मिले लैपटॉप में लाखों रुपए का हिसाब था। आरोपियों से तीन लैपटॉप और दस फोन जब्त किए गए थे। उसे खाईबाज घमापुर निवासी टीपू गुप्ता और राजेश गुप्ता उर्फ बल्ली ने मुहैया कराए थे। टीपू पूर्व पार्षद का भाई है, दोनों फरार हैं।

### मुसाफिर ऑटो से गिरा, सिर में चोट लगने से मौत

**ग्वालियर.** ऑटो से गिरे मुसाफिर की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नयागांव निवासी वीरेंद्र पवैया ऑटो से जा रहे थे। गिरवाई में परमार्थ आश्रम के पास ऑटो सड़क से नीचे एक तरफ झुक गया, उसमें सवार वीरेंद्र नीचे गिर गए। उन्हें जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मौत हो गई।

### रिपोर्ट में सामने आई खामियां, तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश

# 25 जिलों की बाल संस्थाएं फेल, खाने-सोने तक की व्यवस्था नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सतना.** किशोर न्याय समिति और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निरीक्षण में बड़ा खुलासा हुआ है। 25 जिलों की बाल देखरेख संस्थाएं फेल पाई गई हैं। इसकी रिपोर्ट मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक डॉ अमिताभ अवस्थी से सभी जिला कार्यक्रम अधिकारियों को रिपोर्ट साझा करते हुए इनमें तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए हैं। उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देश पर किशोर न्याय समिति और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रदेशभर के 56 बाल गृह, 29 विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी, 2 फिट फैसिलिटी, 8 ओपन शेल्टर होम, 18 अवलोकन गृह, 2 विशेष गृह का निरीक्षण किया।

#### दयनीय स्थिति

जांच में पाया कि रतलाम, पन्ना, टीकमगढ़ और अनूपपुर जिले में जिलास्तरीय निरीक्षण समितियां ही सक्रिय नहीं हैं। बाल देख रेख संस्था का निरीक्षण नहीं हो रहा है। इनके द्वारा जेजे नियम के तहत फीडबैक भी साझा नहीं किया जाता है। यहां के संप्रेषण गृह की दीवारें जर्जर हैं तो अर्जुनदेव बालगृह में बाउण्ड्री तक नहीं है। मंदसौर के स्वाध्याय मंच बालगृह तथा शहडोल व झाबुआ के शासकीय सम्प्रेक्षण गृह की छत मरम्मत किए जाने की आवश्यकता पाई गई। उज्जैन और विदिशा के शासकीय सम्प्रेक्षण गृह की अधोसंरचना दयनीय स्थिति में पाई गई है।



फाइल फोटो

#### शिवपुरी में रसोई तक नहीं

शिवपुरी जिले के मंगलम वात्सल्य में रसोई तक चालू नहीं है। बच्चों के लिए व्यक्तिगत बिस्तर भी नहीं हैं। पर्याप्त संख्या में स्नानगृह और शौचालय भी नहीं मिले। जल निकासी व्यवस्था खराब मिली। संप्रेक्षण गृह सिवनी और खंडवा में कोई रसोइया नहीं मिला। यही हालात विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी अशोकनगर, राजगढ़, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, कटनी, बैतूल और छतरपुर में मिले। यहां भी रसोइया नहीं मिला। छतरपुर के निर्वाण फाउंडेशन ओपन शेल्टर होम में बच्चों के देखभाल की कोई सुविधा नहीं मिली और न ही यहां बच्चों के व्यक्तिगत रेकॉर्ड मिले।

#### ग्वालियर में बच्चों के सोने की व्यवस्था नहीं

ग्वालियर के संप्रेक्षण गृह में मिला कि यहां बच्चों के सोने के लिए पलंग सहित किसी प्रकार का कोई फर्नीचर उपलब्ध नहीं है। बच्चों के लिए व्यक्ति गत बिस्तर भी नहीं है। इंदौर के लोक बिरादरी ट्रस्ट में बच्चों के व्यक्ति गत रेकॉर्ड भी नहीं रखे जाना पाया गया।

#### यह जारी की एडवाइजरी

निरीक्षण दल ने एडवाइजरी भी जारी की है। कहा है कि आफ्टर केयर कार्यक्रम मजबूत किए जाएं। बाल देख रेख संस्था में बाल समिति एवं प्रबंधन समिति का गठन किया जाए। यहां भोजन मीनू के आधार पर बनना सुनिश्चित किया जाए। सभी में खेल मैदान, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, पुस्तकालय आदि उपलब्ध हो। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को प्रशिक्षक उपलब्ध कराया जाए। स्वच्छ बिस्तर, पलंग सभी बच्चों को उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा अन्य कई सुझाव भी दिए गए हैं।

#### रीवा में बच्चों को पर्याप्त बिस्तर नहीं

रीवा जिले के हरि बाल गृह में बच्चों के लिए व्यक्तिगत बिस्तर नहीं मिला। लोक उत्थान समिति में भी यही स्थिति मिली। सीधी जिले के अरुणोदय सेवा संस्थान में भी बच्चों के लिए व्यक्तिगत बिस्तर नहीं मिले। पन्ना जिले में चित्रगुप्त महिला कल्याण समिति में बच्चों को औपचारिक शिक्षा में नामांकित नहीं किया गया है। विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी पन्ना में रसोइया नहीं मिला।

## 11 हजार घूस लेते निगम का सब इंजीनियर गिरफ्तार

**सतना@पत्रिका.** नगर निगम के भ्रष्ट सब इंजीनियर को गुरुवार को लोकायुक्त की टीम ने 11 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया। सब इंजीनियर राजेश गुप्ता ने नाली ढंकने का काम कर चुके एक ठेकेदार से उसके कार्य का मूल्यांकन करने के एवज में 33 हजार रुपए की घूस मांगी थी। पूर्व में वह 22 हजार रुपए ले भी चुका था। आरोपी सब इंजीनियर राजेश गुप्ता नगर निगम के जोन क्रमांक-2 का जोनल अधिकारी हैं। उसने गुरुवार की दोपहर ठेकेदार और मामले के शिकायतकर्ता इमाम खान निवासी जवाहर नगर को रिश्वत की रकम के साथ लालता चौक स्थित जोनल कार्यालय बुलाया था।

## श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 21 घायल

**बड़ामलहरा@पत्रिका.** तीर्थ यात्रियों से भरी बस साठिया घाटी में पलट गई। हादसे में 21 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को बड़ामलहरा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। घटना रात ढाई बजे के आसपास की है। घाटी चढ़ते समय सामने से दूसरी बस आने से ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिससे हादसा हुआ, गनीमत रही किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। बता दें कि पिछले दिनों गुजरात से एक जत्था बस (जीजे 06 एएक्स 2224) से तीर्थ यात्रा पर निकला था। चित्रकूट के बाद यात्री महाकाल के दर्शन करने उज्जैन जा रहे थे कि रात्रि करीब 2.30 बजे बस साठिया घाटी में पलट गई। घटना के समय यात्री नींद में थे।

### एएसआई के 12 विशेषज्ञों सहित 36 श्रमिक जुटे

# उत्तर और पश्चिमी हिस्से में उत्खनन, दीवार-स्तंभ के निकले 11 अवशेष

पत्रिका कसौटी पर भोजशाला सर्वे: 77वां दिन

**धार.** भोजशाला में गुरुवार को 77वें दिन उत्तर और पश्चिमी हिस्से में टीम ने उत्खनन किया। दिनभर चले सर्वे के दौरान कुल 11 अवशेष निकले हैं। अब तक इतनी बड़ी मात्रा में अवशेष नहीं निकाले गए थे, जितने गुरुवार को निकले। 11 अवशेषों में 6 बड़े आकार के बताए जा रहे हैं। जबकि 5 छोटे आकार के हैं। भोजशाला में गुरुवार को एएसआइ के 12 विशेषज्ञ अधिकारियों ने 36 श्रमिकों के साथ दिनभर वैज्ञानिक सर्वे के तहत अलग-अलग गतिविधियां कीं। इस दौरान उत्खनन, क्लीनिंग, ब्रशिंग और मौजूदा स्ट्रक्चर की ड्रॉइंग तैयार की गइ

#### अलग-अलग पॉइंट पर काम जारी

भोजशाला में दिनभर अलग-अलग पॉइंट पर काम चला। गर्भगृह में टीम के विशेषज्ञ क्लीनिंग-ब्रशिंग कर ड्रॉइंग तैयार करने में जुटे रहे। हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा ने बताया कि 6 बड़े आकार के अवशेष हैं। जबकि 5 छोटे आकार के अवशेष हैं। इनमें दीवार, स्तंभ, बेस के टुकड़े जैसी आकृतियां शामिल हैं। शर्मा का दावा है कि इन पर सनातन संस्कृति के चिह्न उकरे हुए हैं। साथ ही अलग-अलग आकृतियां भी हैं। इन अवशेषों को संरक्षित करते हुए एएसआइ ने इन्हें सर्वे में शामिल किया है।

## घोटाले में दोषी अब तक तय नहीं

**इंदौर.** घोटालेबाजों को कैसे बचाया जाता है, यह जेएनएनयूआरएम के तहत डाली ड्रेनेज लाइनों के काम से समझ आता है। 2015-16 में गड़बड़ी हुई, जिसे सुधारने में 2021 में 100.75 करोड़ खर्च किए। हालांकि ठेकेदारों या कंसल्टेंट पर कार्रवाई नहीं हुई। मामला लोकायुक्त में गया तो 2024 में जांच शुरू हुई और 19 अफसरों पर जांच बैठा दी गई। मामले में दो निगमायुक्त पर सवाल उठे हैं। जेएनएनयूआरएम के तहत निगम ने इंदौर में सीवरेज निपटान के लिए प्राइमरी और सेकंडरी सीवरेज लाइन डालकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए थे।

### जीजा पर साली के रेप का है मामला दर्ज

# सास बोली- दामाद आरोपी है तो बचाएंगे ही, हाईकोर्ट ने गर्भपात की नहीं दी अनुमति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** रेप पीड़िता की मां के आरोपी दामाद को बचाने की मांग के बाद हाईकोर्ट ने नाबालिग के गर्भपात की अनुमति नहीं दी। याचिकाकर्ता के कानूनी अधिकार के दुरुपयोग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते याचिका खारिज कर दी। नाबालिग के गायब होने पर परिवार ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने नाबालिग को उसके जीजा के पास से बरामद किया। आरोपी के खिलाफ अपहरण, रेप व पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया। बाद में पता चला नाबालिग गर्भवती है तो गर्भपात के लिए मां ने याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जानना चाहा कि याचिकाकर्ता दामाद की सजा सुनिश्चित करना चाहती है या नहीं। याचिकाकर्ता ने कहा, आरोपी दामाद है, वह प्रयास करेंगी कि उसे सजा ना हो।

इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या इस न्यायालय का उपयोग अवांछित बच्चे से छुटकारा पाने और उसके बाद दावा करने के लिए एक उपकरण के रूप में किया जा सकता है कोई अपराध नहीं हुआ था।

#### अदालत का दुरुपयोग नहीं कर सकते

कोर्ट ने कहा, किसी को भी अजन्मे बच्चे की हत्या के लिए लुका-छिपी का खेल खेलने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हालांकि गवाहों को उनके बयानों से बाध्य नहीं किया जा सकता है और वे मुकदमे में जो चाहें कह सकते हैं, लेकिन उन्हें एक अजन्मे बच्चे को मारने के लिए इस अदालत के वैध अधिकार का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

### शनि देव का आकर्षक श्रृंगार



**इंदौर** में गुरुवार को शनि जयंती के अवसर पर शहर के शनि मंदिरों में भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। कहीं महायज्ञ तो कहीं पर महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने तेल से स्नान कराकर शनिदेव की आराधना की।

### विवाद: सिंधी कॉलोनी में पूर्व पार्षद के घर हंगामा

# बिजली चेकिंग पर डीजीएम से मारपीट, भाजपा नेता के भतीजे का फटा सिर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** बिजली चेकिंग को लेकर सिंधी कॉलोनी में भाजपा नेता के परिजन और बिजली विभाग की टीम के बीच गुरुवार को जमकर विवाद हुआ। कंपनी के डीजीएम से मारपीट हुई। इस दौरान भाजपा नेता के भतीजे का सिर फूट गया। परिजनों ने बिजलीकर्मियों पर सिर में ईंट मारने का आरोप लगाया और समर्थकों संग माधोगंज थाने पहुंच गए। इन्होंने बिजलीकर्मियों पर एफआइआर दर्ज करने की मांग की।

बवाल भाजपा के पूर्व पार्षद सुरजीत सिंह भदौरिया के घर पर हुआ। पूर्व पार्षद के बेटे अभिमन्यु सिंह ने बताया, विभाग के डीजीएम अजीत राजपूत 10-12 लोगों के साथ आए और बोले- तुम्हारे यहां बिजली चोरी हो रही है, मीटर बदलेंगे। घर में घुसने लगे, तो इन्हें रोका। इस पर टीम ने धक्का-मुक्की की। चचेरे भाई आकाश उर्फ बंटी भदौरिया के सिर में ईंट मार दी, जिससे सिर फट गया। पुलिस से हमला करने वाले कर्मचारियों पर एफआइआर दर्ज करने की मांग की है।

**थाने में आरोप-प्रत्यारोप :** परिजनों ने आरोप लगाया, टीम को मीटर बदलने से नहीं रोका, फिर भी अधिकारियों ने अभद्रता की। उधर, टीम का कहना है, आकाश ने मारपीट की, वकील होने की धमकी दी। डीजीएम के गले से सोने की चेन भी तोड़ दी। उसके बाद दबाव बनाने भीड़ लेकर थाने आ गए।

#### चोरी पकड़ी गई तो करने लगे विवाद

विद्युत मंडल के महाप्रबंधक नितिन मांगलिक ने कहा, चेकिंग कर रही टीम को भाजपा नेता के यहां मीटर में लूप दिखी तो मीटर बदलने की कोशिश की। उस दौरान एक शख्स ने धक्का-मुक्की की। डीजीएम से मारपीट की। मारपीट करने वालों पर एफआइआर कराएंगे।

बिजली चेकिंग पर टीम से विवाद हुआ है। युवक घायल हुआ है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

**- आयुष गुप्ता,** सीएसपी

### @10 जिले अधिकतम तापमान

**कहां- कितना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 42.5° | सागर | 43.2° |
| भोपाल | 40.8° | सतना | 38.9° |
| शिवपुरी | 44.0° | जबलपुर | 41.5° |
| खजुराहो | 41.4° | नौगांव | 41.0° |
| दमोह | 44.0° | इंदौर | 39.2° |

*(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)*

### गर्मी का सितम: तीखी धूप से कई जिले बेहाल, पूर्वी मप्र में कुछ स्थानों पर बारिश

# बेकाबू गर्मी जानलेवा, ग्वालियर में 2, श्योपुर में 1 मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में कहीं बौछारें तो कहीं भीषण गर्मी का दौर जारी है। गर्मी इस समय जानलेवा साबित हो रही है। ग्वालियर और श्योपुर में तीन लोगों की मौत की खबर है। वहीं अरब सागर से आ रही नमी के कारण इस समय अनेक स्थानों पर आंशिक बादलों की स्थिति भी बनी हुई है। आने वाले तीन चार दिन प्रदेश के मध्य और पश्चिमी हिस्से में प्री-मानसून एक्टिविटी के चलते बारिश बौछारों की संभावना हैं। प्रदेश के कुछ हिस्सों में हो रही प्री-मानसून एक्टिविटी के कारण लू से थोड़ी राहत मिली हैं, लेकिन मौसम शुष्क होने के साथ ही तीखी धूप के चलते फिर तपिश का दौर शुरू हो जाता है। पिछले 24 घंटों में सतना, खजुराहो, नौगांव, रीवा आदि स्थानों पर बारिश हुई। दूसरी ओर दमोह और शिवपुरी में तापतान 44 डिग्री रहा। भोपाल में गुरुवार को दिन भर तीखी धूप से लोग बेहाल नजर आए, ऐसे में गर्मी और उमस से लोग परेशान दिखाई दिए। यहां तापमान फिर 4.3 डिग्री की बढ़ोतरी हो गई और अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री पर पहुंच गया।



खरगोन में सिलोटिया के ग्रामीण एक किमी दूर पानी लाने को मजबूर हैं।

#### अगले तीन-चार दिन बौछारों की संभावना

मौसम विज्ञानी अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया, इस समय दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात है। इसके साथ ही उत्तर-पश्चिमी मप्र पर भी ऊपरी हवा का चक्रवात है। ऐसे में आने वाले तीन-चार दिनों तक खासकर पश्चिमी और प्रदेश के मध्य के हिस्से में प्री-मानसून एक्टिविटी का दौर रह सकता है। इसी प्रकार पूर्वी मप्र में भी शुक्रवार को कुछ स्थानों पर हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। अभी मानसून महाराष्ट्र कोंकण, आंध्रप्रदेश के कुछ हिस्सों में आ गया है। मप्र में मानसून सामान्य तारीख 15 जून है।

#### लावारिस मिली लाश

गर्मी लगातार जानलेवा साबित हो रही है। ग्वालियर में बुधवार को तीन लोगों की लू के चलते मौत हो गई थी। वहीं गुरुवार को फिर दो लोगों की लावारिस लाश मिली हैं। शिवनगर में सड़क किनारे अज्ञात लाश पड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक, गर्मी की वजह से युवक की जान गई है। उधर लक्ष्मीगंज सब्जी मंडी (जनकगंज) में बुजुर्ग रामबहादुर पाल निवासी पाटनकर की गर्मी के चलते मौत हो गई। इधर, श्योपुर में आवदा क्षेत्र में अज्ञात युवक का सड़क किनारे शव पड़ा मिला है।

### अव्यवस्था: भुगतान और क्वालिटी संबंधी कई परेशानियों से जूझ रहे किसान

# गोदामों में खराब पड़े गेहूं का हो रहा वितरण, अब तक नहीं हुई लक्ष्य से भी आधी खरीदी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर शुरू हुई गेहूं खरीदी अब तक लक्ष्य से आधी भी नहीं हो पाई है। किसानों को भुगतान व क्वालिटी को लेकर कई परेशानियां भी हैं। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें भी बढ़ रही हैं। उधर, कई जगह खराब गेहूं का वितरण भी गोदामों से हो रहा है। ये वो गेहूं है, जो बचा हुआ है। इसे राशन दुकानों पर सप्लाई किया जा रहा है।

मामले पर प्रबंध संचालक प्रताप नारायण यादव ने कहा, जहां-जहां से खराब गेहूं की शिकायत आ रही है, तुरंत कार्रवाई की जाती है। तुलाई केंद्र से लेकर भंडारण तक की मॉनीटरिंग की जा रही है।

बता दें कि इस वर्ष सरकार ने 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा था। एमएसपी पर गेहूं 2275 रुपए व 125 रुपए बोनस मिलाकर 2400 रुपए के भाव पर खरीदा जा रहा है।

चूंकि, 25 मई तक ही गेहूं खरीदा जाना था, लेकिन मंडियों में ऊंचे भाव के कारण किसानों ने एमएसपी पर ज्यादा गेहूं नहीं बेचा। तब सरकार ने 25 जून तक तारीख बढ़ा दी है। इधर, प्रदेश में गेहूं की कमी की वजह से आधे गोदाम खाली हैं। गोदाम संचालकों की ईएमआइ भी नहीं निकल पा रही है।

#### 500 से अधिक की गई शिकायतें

मप्र सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के सूत्रों ने बताया कि कई जगह किसानों को गेहूं का भुगतान नहीं होने से उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की है। ऐसी करीब 500 शिकायतें हैं। मामले में रायसेन, जबलपुर, देवास और रतलाम से शिकायतें आई हैं। रायसेन में रखा गेहूं देवटिया, नूरगंज भिजवाया गया है। इसकी क्वालिटी 80% अच्छी है। लेकिन वितरण या नीलामी नहीं की जा रही है।

**जल-गंगा संवर्धन अभियान:** सीएम और मंत्रियों ने भोपाल के छोटा तालाब में किया श्रमदान, बोले-

# 'इंदौर-उज्जैन में वाटर स्पोर्ट्स बढ़ाएंगे, अगले ओलंपिक में मेडल'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** भारतीय संस्कृति में नदी, पर्वत और पृथ्वी को जीवन का आधार माना गया है। मध्यप्रदेश देश की नदियों का केन्द्र बिन्दु है। यहां से सभी दिशाओं में बहने वाली नदियों की उत्पत्ति होती है। यह बात सीएम डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को राजधानी के छोटा ताला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित सभा में कही। सीएम ने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और हरित प्रदेश की संकल्पना को लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान लगातार जारी है। इसके तहत प्रदेश में 5.50 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

### श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**अभियान** के तहत सीएम डॉ. मोहन ने भोपाल के छोटा तालाब के खटलापुरा घाट में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान सीएम सहित विभाग के मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी श्रमदान कर घाट की सफाई की।



### प्रदेशभर में करेंगे सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार

- सीएम ने ऐलान किया कि प्रदेश में वाटर स्पोर्ट्स को और प्रोत्साहित किया जाएगा। भोपाल के साथ-साथ इंदौर और उज्जैन में भी वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, अगले ओलंपिक में पदक लाना हमारा लक्ष्य होगा।
- डॉ. मोहन ने कहा कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के नदी जोड़ो अभियान की संकल्पना पर बुंदेलखंड में सिंचाई संसाधनों का विस्तार होगा। केन-बेतवा लिंक परियोजना में मप्र को 45 हजार करोड़ तथा यूपी को 45 हजार करोड़ रुपए उपलब्ध कराए हैं। इसी प्रकार पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की है।

पत्रिका

## सवाल आपका, जवाब हमारा

'सवाल आपका, जवाब हमारा' कॉलम के तहत जागरूक पाठकों के सवालों पर **पत्रिका** ने **वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक गिरिजाशंकर** से जवाब तलाशे। गुरुवार को हमारे पास कई पाठकों ने अपने सवाल पहुंचाए। हमने आपके सवालों के जवाब टटोले। पेश है कुछ रोचक प्रश्नों पर एक्सपर्ट के जवाब -

**Q राहुल गांधी दो लोकसभा वायनाड और रायबरेली से सांसद निर्वाचित हुए हैं। वे किस सीट को छोड़ सकते हैं?**

– **समर्थ खटोड़,** उज्जैन

**A** राहुल गांधी ने कहा कि मैं दोनों सीटें रखना चाहता हूं लेकिन एक सीट तो छोड़नी पड़ेगी जिसका निर्णय अभी नहीं किया है। मेरा मानना है कि वे रायबरेली सीट खाली करेंगे और वहां जीत की अनुकुलता को देखते हुए अपनी बहन प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनवा सकते हैं। गांधी परिवार का हर वयस्क सदस्य जिसने राजनीति में प्रवेश किया वह सांसद निर्वाचित होता रहा है।

**Q केन्द्र की एनडीए सरकार में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। अल्पमतवाली गठबंधन सरकार के चलते भविष्य में प्रधानमंत्री पद पर नरेन्द्र मोदी के विकल्प की संभावना कितनी है?**

– **प्रवीण सोलंकी,** ग्वालियर

**A** मैं ऐसी कोई संभावना नहीं देखता। मोदी भाजपा के ब्रांड बन चुके हैं तथा सीटें कम मिलने के बाद भी कई राज्यों में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है। साथ ही दक्षिण के राज्यों में सफलता पाते हुए भाजपा पेन इंडिया पार्टी बन गई है जो मोदी की पेन इंडिया लोकप्रियता का प्रतीक है। मोदी एनडीए के सर्वस्वीकार्य नेता हैं। भविष्य में क्या होगा, यह कहना न उचित है और न संभव।

**Q एनडीए के सहयोगी दलों द्वारा मंत्रिमंडल में भागीदारी के लिए सौदेबाजी या शर्तें रखने की खबरें आ रही है। यह सौदेबाजी कितना सही है?**

– **अनंत कुशवाह,** सागर

**A** सौदेबाजी गठबंधन सरकार का अनिवार्य अंग रहा है। इसका कुशलतापूर्वक समाधान नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री की परिपक्वता पर निर्भर करता है। बेहतर हो कि यह सौदेबाजी सत्ता में भागीदारी के बजाए मुद्दों को लेकर हो और साझा कार्यक्रम बनाकर उस पर अमल होने का दबाव बनाया जाए।

**Q कांग्रेस की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन क्या सरकार बनाने का प्रयास करेगा?**

– **राजेंद्र गुप्ता,** रतलाम

**A** मेरा मानना है कि यह गठबंधन अभी विपक्ष में रहते हुए सरकार बनाने के किसी अवसर की प्रतीक्षा करेगा या ऐसे अवसर पैदा करने का प्रयास करेगा।

*यदि आप भी आम चुनाव से जुड़ी किसी जिज्ञासा पर समाधान चाहते हैं तो, **'सवाल आपका, जवाब हमारा'** कॉलम से जुड़ें। अपने प्रश्न पहुंचाने के लिए नीचे दिए नंबर का उपयोग करें।*

**सवाल 9425409224 पर वाट्सएप करें**

भोपाल

## प्रदेश के 12 एसपी को हटाने की तैयारी, 6 डेंजर जोन में

**भोपाल@पत्रिका.** आदर्श आचार संहिता हटते ही अब पुलिस महकमे में बड़े फेरबदल की तैयारी शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक करीब 12 पुलिस अधीक्षकों की सूची पुलिस मुख्यालय में तैयार की जा रही हैं। जिनको इधर से उधर करने के आदेश जल्द जारी किए जाएंगे। दरअसल बड़ी सर्जरी को लेकर डीजीपी का होमवर्क भी लगभग पूरा हो चुका है। बता दें सूबे की कानून व्यवस्था को लेकर सीएम आठ दिन के भीतर दो बार समीक्षा बैठक ले चुके हैं। दरअसल एसपी को हटाने से पहले आधार देखा जा रहा है। जैसे हाल ही में हुई घटनाएं सबसे ज्यादा प्रमुख है। क्योंकि सीएम पर डीजीपी से लेकर आला अधिकारियों तक अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। इसी के साथ एडीजी स्तर से अधिकारी जिन्हें संभाग प्रभारी बनाया गया है।

**लोकसभा के नतीजे: आंकडों का विश्लेषण**

**राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और राधा सिंह की विधानसभा पर रेकॉर्ड मतों का अंतर**

# 9 मंत्रियों की विस सीट पर भाजपा पिछड़ी, इनमें पांच कैबिनेट मंत्री

हरिचरण यादव
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश सरकार के 9 मंत्री अपनी विधानसभा सीट पर भाजपा पार्टी को लोकसभा चुनाव में विधानसभा चुनाव के मुकाबले बढ़त नहीं दिला सके। इनमें पांच कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह, प्रहलाद पटेल, विजय शाह, संपत्तियां उइके और राकेश शुक्ला हैं तो दो राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल, नारायण सिंह पवार और दो राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और राधा सिंह शामिल हैं। इन सीटों पर विधानसभा चुनाव हारने वाली कांग्रेस ने इन मंत्रियों को झटका दिया। पार्टी के पिछड़ने में दो चौंकाने वाली बातें यह हैं कि इनमें से एक कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह और एक राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल संघ के करीबी माने जाते हैं, जिसकी भूमिका लोकसभा चुनाव में काफी महत्वपूर्ण रही तब भी ये मंत्री अपनी सीट पर पार्टी को बढ़त नहीं दिला सके। राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी और राधा सिंह की सीट पर तो पार्टी रेकॉर्ड मतों से पिछड़ी। भाजपा को पिछले विस चुनाव की तुलना में रैगांव में 23631 और चितरंगी में 23253 वोट कम मिले। अब इन सीटों पर छह महीने में जनाधार खिसकने की वजह टटोल रहे हैं।

### इन मंत्रियों के घर में ही पिछड़ी पार्टी

**कैबिनेट मंत्री**







| उदय प्रताप सिंह | प्रहलाद पटेल | राकेश शुक्ला | संपत्तिया उइके | विजय शाह |
|---|---|---|---|---|
| गाडरवारा (होशंगाबाद) | नरसिंहपुर (होशंगाबाद) | मेहगांव (भिंड) | मंडला (मंडला) | हरसूद (बैतूल) |
| 2023: 11181 | 2023: 110226 | 2023: 87153 | 2023: 113135 | 2023: 116580 |
| 2024: 110132 | 2024: 98181 | 2024: 78943 | 2024: 112234 | 2024: 109550 |
| गिरावट: 1679 | गिरावट: 12045 | गिरावट: 8210 | गिरावट: 901 | गिरावट: 7030 |

**राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार**




| गौतम टेटवाल | नारायण पंवार |
|---|---|
| सारंगपुर (राजगढ़) | ब्यावरा (राजगढ़) |
| 2023: 97095 | 2023: 117846 |
| 2024: 85559 | 2024: 97706 |
| गिरावट: 11536 | गिरावट: 20140 |

मंत्री राकेश शुक्ला के पिता सुखराम शुक्ला ग्वालियर क्षेत्र में संघ से जुड़े कामों में काफी सक्रिय रहे, जिसकी बदौलत उन्हें कई जिमेदारियां दी गई। वे 1998 में पहली बार मेहगांव से चुनाव जीते थे।

**राज्यमंत्री**




| प्रतिमा बागरी | राधा सिंह |
|---|---|
| रैगांव (सतना) | चितरंगी (सीधी) |
| 2023: 77626 | 2023: 105410 |
| 2024: 53995 | 2024: 82157 |
| गिरावट: 23631 | गिरावट: 23253 |

### विस में भाजपा की पिछड़ने की वजह

**मंत्रियों** की सक्रियता कम रही। वोटिंग प्रतिशत गिरा। विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने जो अपेक्षा की, वह मंत्री बनने के बाद पूरी होते नहीं दिखी। लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों की तुलना में कांग्रेस और अन्य दलों के प्रत्याशियों की विधानसभा में पकड़ मजबूत होना। विरोधियों को भाजपा में शामिल करना। बताया जा रहा है कि कई जगह कार्यकर्ता भी असंतुष्ट रहे और प्रदेश के अन्य सीटों की तुलना में यहां कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी के प्रचार पर रुचि नहीं ली।

### भोपाल में मंत्री गौर ने सारंग को पीछे छोड़ा

**मंत्री** कृष्णा गौर की गोविंदपुरा सीट पर भाजपा को 1 लाख 87 हजार 958 वोट मिले, जो कि विधानसभा में प्राप्त 1 लाख 73 हजार 159 वोटों की तुलना में 14 हजार 799 वोट अधिक है। जबकि मंत्री विश्वास सारंग की नरेला सीट में भाजपा को 1 लाख 25 हजार 265 वोट मिले, जो विधानसभा चुनाव में मिले 1 एक 24 हजार 552 से सिर्फ 713 मत अधिक है।

**क्लीन स्वीप** के बाद नई दिल्ली पहुंचे सीएम

## एनडीए की बैठक में शामिल होंगे प्रदेश के 29 सांसद



दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी के साथ नवनिर्वाचित सांसद।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में लोकसभा की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को पहली बार दिल्ली पहुंचे। इनके साथ ही प्रदेशभर के सभी नवनिर्वाचित सांसदों ने भी एनडीए की बैठक में शामिल होने प्रदेश से रवानगी ली। यहां सीएम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पीएम मोदी जिनका अपना लंबा प्रशासनिक अनुभव भी हैं और उन्होंने एनडीए गठबंधन को बड़ी जीत दिलवाकर असंभव को संभव कर दिखाया है। दिल्ली रवाना होने से पहले सीएम निवास पर नवनिर्वाचित सांसदों ने डॉ. मोहन से मुलाकात की।

### बैठक आज

प्रदेश के सभी सांसद गुरुवार शाम तक दिल्ली पहुंच गए। बता दें शुक्रवार को भाजपा सहित एनडीए के घटक दलों की दिल्ली में बैठक बुलाई गई है। सरकार बनाने से पहले सांसदों की यह बैठक महत्वपूर्ण है। जिसमें मोदी 3.0 सरकार से जुड़े प्रमुख विषयों पर चर्चा होगी।

**न्यूज शॉर्ट्स**

### आचार संहिता हटी, थमे कार्यों को मिलेगी रफ्तार

**भोपाल@पत्रिका.** लोकसभा चुनाव के चलते प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार से हट गई है। इसके बाद प्रदेशभर में 82 दिन से थमे विकास कार्यों को अब रफ्तार मिल सकेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति को नवनिर्वाचित सांसदों का नोटिफिकेशन सौंपने के साथ आचार संहिता हटाने संबंधी निर्देश जारी कर दिए हैं। मप्र के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भी इस संबंध में आयोग ने सूचना दे दी है। इसके बाद अब शासन-प्रशासन के सभी काम पटरी पर आ जाएंगे।

### केंद्रीय अधिकारी ने परखी सायबर तहसील व्यवस्था



**भोपाल@पत्रिका.** केन्द्रीय संयुक्त सचिव भूमि संसाधन कुणाल सत्यार्थी ने गुरुवार को भोपाल पहुंचकर प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय स्थित सायबर तहसील व्यवस्था का निरीक्षण किया। सत्यार्थी ने सायबर तहसील प्रक्रिया आरसीएमएस सहित राजस्व विभाग के अन्य पोर्टल भू-अभिलेख, सारा एप पर प्रदान की जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने शाहगंज पहुंचकर डिजिटाइजेशन प्रोजेक्ट के तहत नगरीय सर्वे के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

**मंत्री** विजयवर्गीय ने बांधे तारीफों के पुल

## राहुल ने मेहनत की है, पैदल चलने का फायदा चुनाव में मिला- कैलाश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अब राहुल गांधी के मुरीद नजर आ रहे हैं। दरअसल कैलाश राहुल की तारीफों के पुल बांधते नजर आए। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर अब खूब वायरल हो रहा है। दरअसल वायरल वीडियो में कैलाश विजयवर्गीय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए उनकी तारीफ कर रहे हैं। उनके बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी चर्चाएं दिनभर बनी रहीं।

### लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना जरूरी

**कैबिनेट** मंत्री विजयवर्गीय ने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी को लेकर कहा कि उन्होंने मेहनत की है। गांव-गांव पैदल चले हैं, जिसका फायदा विपक्ष को चुनाव में मिला है। लोकतंत्र में विपक्ष मजबूत होना बेहद जरूरी है। जनता ने जो जनादेश दिया है उसे स्वीकार करना चाहिए। राहुल पैदल चले हैं और गांव-गांव में दौड़ लगाई है। जिम-विम भी खूब की है उन्होंने। थोड़ा नंबर उनका भी बढ़ गया है तो हमारा मानना है प्रतिपक्ष भी अच्छा मजबूत होना चाहिए।

**यूनिवर्सिटी** ने 4 साल में नाहेप प्रोजेक्ट में विदेश भेजे थे 107 छात्र

## कृषि छात्रों को अध्ययन यात्रा पर विदेश भेजने वाली योजना बंद

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** कृषि छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने और नई तकनीक सीखने के लिए विदेश जाने का मौका नाहेप प्रोजेक्ट द्वारा दिया गया था। चार साल में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के 107 छात्रों को विदेश भेजा गया। लेकिन माना जा रहा है कि वहां से कृषि उद्यमिता की बारीकी सीखकर लौटे यह छात्र देश में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं कर पाए। इसलिए उन्हें विदेश भेजना बंद किया गया है। कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली और वर्ल्ड बैंक द्वारा नेशनल एग्रीकल्चर हायर एजुकेशन प्रोजेक्ट को 2020 में विश्वविद्यालय को दिया गया।

25 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को दोनों संस्थान ने बच्चों को भेजा। यह प्रोजेक्ट दो साल के लिए था। कोरोना काल के चलते छात्र नहीं जा पाए थे। इसी को देखते हुए दो साल और बढ़ा दिए गए। अब यह प्रोजेक्ट बंद हो गया है। अगर प्रोजेक्ट आगे और बढ़ जाएंगे तो छात्रों को विदेश जाने का मौका फिर से मिल सकता है।

### पांच कॉलेजों के छात्रों को 15 दिन

विश्वविद्यालय के प्रदेश में पांच कॉलेज ग्वालियर, खंडवा, इंदौर, सीहोर और मंदसौर में हैं। इनमें अच्छे छात्रों का चयन मैरिट के आधार पर चयन करके विदेश भेजा गया।इससे छात्रों को अच्छे जॉब भी मिले। निदेशक डॉ वायपी सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट खत्म होने के कारण इसे बंद किया गया।

**प्रदेश** समिति की बैठक 10 को, होंगे अहम फैसले

## युकां में सर्जरी: प्रदेश के सभी जिलों की कार्यकारिणी भंग

**भोपाल@पत्रिका.** लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में सर्जरी शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत युवा कांग्रेस से हुई है। युवा कांग्रेस की सभी जिला इकाइयों के अंतर्गत विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं उनकी विधानसभा इकाइयों के पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटाकर सभी विधानसभा कमेटियों को भंग कर दिया है।

मप्र युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव (प्रभारी मध्यप्रदेश) शेषनारायण ओझा की स्वीकृति और मप्र युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव के आदेश पर यह कदम उठाया गया है। त्रिपाठी ने बताया कि 10 जून को युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन यादव की अध्यक्षता और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार की मौजूदगी में अहम फैसले लिए जाएंगे।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

सीधी

### जीतू के कार्यकाल की समीक्षा की जाए: अजय

**सीधी.** पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की करारी हार पर संगठन के काम पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के कार्यकाल की उच्च स्तर पर समीक्षा किए जाने की भी मांग की है।

उमरिया



### पद्मश्री जोधइया बाई जबलपुर रेफर

**उमरिया.** पद्मश्री जोधइया बाई बैगा की हालत में सुधार नहीं होने पर उनको जिला चिकित्सालय से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ. केसी सोनी ने बताया कि 4 जून को उन्हें स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल लाया गया था।

**परेशानी** | प्रदेश के टाइगर रिजर्वों में वन्य प्राणी सुरक्षा के लिए जूझ रहे वनकर्मी

# हाथियों का टोटा, तकनीकों के सहारे होगी मानसून गश्ती

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** शिकारियों को खदेड़ने और बाघों को सुरक्षा देने के लिए रिजर्वों में इसी सप्ताह से मानसून गश्त शुरू होगी। हाथियों का टोटा होने के चलते, इस बार गश्ती में आधुनिक उपकरण ड्रोन आदि की मदद ली जाएगी। साथ ही नए वायरलैस सेट व उच्च क्षमता वाले कैमरों का भी उपयोग किया जाएगा।

प्रदेश के रिजर्वों में 785 बाघ है, इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। बारिश में इन्हें शिकारियों से अधिक खतरे का अंदेशा रहता है। जिसे देखते हुए रिजर्व के कोर क्षेत्र में गश्ती की जाती है। इसके तहत रिजर्व के दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंच बनाकर मुआयना किया जाता है ताकि अवैध गतिविधियों का पता लगाया जा सके। यही नहीं, ऐसा कर शिकारियों के छुपे होने की आशंकाओं की भी पड़ताल की जाती है। इस काम में हाथियों का बड़ा रोल होता है। इनकी मदद से दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचा जा सकता है। चूंकि ऐसे क्षेत्रों में वाहन नहीं पहुंच सकते। पैदल जाना भी खतरे से खाली नहीं होता इसलिए हाथी जरुरत होते हैं लेकिन हाथियों की संख्या जरुरत की 10 फीसद भी नहीं है। वन मुख्यालय के अधिकारियों का कहना है कि हाथियों की कमी के चलते गश्ती में आधुनिक उपकरणों की मदद ली जाएगी।

**785** बाघ प्रदेशभर के टाइगर रिजर्वों में हैं। इनकी निगरानी के लिए होती है हाथियों की जरूरत



बांधवगढ़ रिजर्व में गश्ती। फाइल फोटो

### बाप विधायक ने अवैध शराब दुकानों को लेकर खोला मोर्चा

**भोपाल@पत्रिका.** रतलाम की सैलाना विधानसभा सीट से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक कमलेश्वर डोडियार ने अवैध शराब दुकानों के खिलाफ मोर्चा खोला है। मुख्यमंत्री के नाम उन्होंने एक पत्र में आरोप लगाए कि सैलाना विस क्षेत्र में 1000 से अधिक शराब दुकानें खुलवाई गई, जो कि अवैध हैं। ये दुकानें आदिवासियों से रुपए लेकर जबरन खुलवाई। विधायक ने दावा किया कि उनके पास इनमें से 373 अवैध दुकानों की सूची भी है। उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी।

**सिमी पर लगे** प्रतिबंध पर हुई सुनवाई

## केंद्र ने ट्रिब्यूनल में की सिमी पर प्रतिबंध बरकरार रखने की मांग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** केंद्र सरकार ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध बरकरार रखने की मांग की है। स्पेशल ट्रिब्यूनल के समक्ष केंद्र सरकार और एटीएस के वकील ने स्पेशल ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस पुरुषेन्द्र कौरव की पीठ के समक्ष पक्ष रखते हुए बताया कि सिमी की गतिविधियां रुकी नहीं हैं, इसलिए प्रतिबंध जारी रखना चाहिए। सुनवाई शुक्रवार को भी होगी।

प्रदेश में कई हिंसक कार्रवाईयों में शामिल रहे सिमी के खिलाफ पहली बार 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था। केंद्र सरकार द्वारा प्रतिबंधित संगठन घोषित जाने के बाद 2008 में विशेष न्यायाधिकरण ने सुनवाई करते हुए प्रतिबंध हटाने का आदेश पारित किया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध जारी रखा था।

**टी-20 विश्व कप:** कंगारू टीम ने अपने पहले मैच में ओमान को 39 रन से हराया, दोनों टीमों के बीच पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला गया

# वार्नर और स्टोइनिस के अर्धशतक ऑस्ट्रेलिया की जीत से शुरुआत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ब्रिजटाउन.** सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गुरुवार को आइसीसी टी-20 विश्व कप में जीत से जोरदार शुरुआत की। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ग्रुप-बी के मुकाबले में ओमान को 39 रन से शिकस्त दी। ओमान ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 रन का स्कोर बनाया। जवाब में ओमान की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। ओमान की यह लगातार दूसरी शिकस्त है।

## वार्नर ने रचा इतिहास... सर्वाधिक रन बनाने वाले कंगारू बल्लेबाज बने



**सलामी** बल्लेबाज डेविड वार्नर ने 51 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन ठोके और अंतरराष्ट्रीय टी-20 करियर का कुल 27वां अर्धशतक लगाया। इसके साथ ही वह टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं।

***आरोन फिंच को पीछे छोड़ा:*** वार्नर के नाम 104 मैचों में 3,155 रन हो गए हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 103 मैचों में 19 अर्धशतक और दो शतक के साथ 3120 रन हैं।

**प्लेयर ऑफ द मैच**

***स्टोइनिस ने गेंद व बल्ले से किया कमाल*** ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने गेंद और बल्ले से जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले 67 रन की नाबाद पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। उन्होंने तीन ओवर में 19 रन दिए।



ओमान के खिलाफ शॉट खेलते हुए मार्कस स्टोइनिस।

**फीफा विश्व कप 2026, क्वालीफायर दूसरा चरण**

## घरेलू मैदान पर कुवैत को शिकस्त नहीं दे सका भारत



**कोलकाता.** भारतीय फुटबॉल टीम ने गुरुवार को यहां फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे चरण में मेहमान कुवैत के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला। भारतीय टीम के ड्रॉ खेलने से उसकी क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंचने की संभावनाओं को झटका लगा है। यह लगातार सातवां मैच है जब भारतीय टीम जीत हासिल नहीं कर सकी है।

अपने आखिरी मैच के बाद दर्शकों का अभिवादन करते सुनील छेत्री।

***छेत्री का विदाई मैच :*** इस मैच के साथ ही 39 वर्षीय भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदाई ले ली है। उन्होंने भारत के लिए कुल 151 मुकाबले खेल और 94 गोल किए।

**आज का पोल**

**क्या नासाउ स्टेडियम की विकेट बल्लेबाजों के लिए खतरनाक है?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

गुरुवार का जवाब

हां 77% नहीं 23%

***पिछला सवाल:*** क्या भारतीय फुटबॉल टीम कुवैत को शिकस्त देने में सफल होगी और कप्तान सुनील छेत्री को शानदार विदाई देगी?

**आइसीसी टी-20 विश्व कप:** 09 जून को यहां खेला जाएगा भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला

# बल्लेबाजों के लिए खतरनाक साबित हो रही नासाउ क्रिकेट स्टेडियम की पिच

**न्यूयॉर्क @ पत्रिका.** दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों को 09 जून का इंतजार है, जब आइसीसी टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा। लेकिन इस मैच से पहले ना सिर्फ प्रशंसक बल्कि भारतीय टीम और पूर्व दिग्गज भी नासाउ क्रिकेट स्टेडियम की विकेट को लेकर काफी परेशान दिख रहे हैं। दरअसल, इस मैदान की विकेट ना सिर्फ बल्लेबाजों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है बल्कि उनके लिए रन बनाना भी मुश्किल साबित होता जा रहा है।



**बुधवार को** आयरलैंड के खिलाफ बाउंसर से बचने की कोशिश करते ऋषभ पंत।

### तेज गेंदबाज बरपा रहे हैं कहर

**1 रोहित और पंत की कोहनी में लगी गेंद**

**बुधवार** को आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और ऋषभ पंत बल्लेबाजी करते हुए चोटिल हो गए थे। रोहित और पंत की कोहनी पर गेंद लगी थी। रोहित शर्मा तो रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। इससे पहले, आयरलैंड के बल्लेबाज भी कई मौकों पर भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने चोटिल होते-होते बचे थे।

**2 ...तो चोटिल हो सकते हैं बल्लेबाज**

**नासाउ** की विकेट से बल्लेबाजों में खौफ पैदा हो गया है। भारत और पाकिस्तान के पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में दोनों टीमों के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल पैदा होंगी। पाक टीम के पास शाहीन शाह अफरीदी, हारिफ रऊफ, मोहम्मद आमेर और नसीम शाह जैसे पेसर हैं, जो 150 किमी की रफ्तार से गेंद फेंक सकते हैं। वहीं, भारत के पास बुमराह, अर्शदीप और सिराज जैसे पेसर हैं।

### इस कारण बढ़ी बल्लेबाजों की मुश्किलें...

1 ***असमान बाउंस से हो रही परेशानी:*** नासाउ स्टेडियम की विकेट पर घास हैं और असमान बाउंस भी है। इस कारण गेंद रफ्तार के साथ जब उठती है तो बल्लेबाजों के लिए स्थिति खतरनाक हो जाती है। इस कारण बल्लेबाजों के लिए चोटिल होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, बल्लेबाजों के लिए शॉट खेलना भी मुश्किल हो रहा है।

2 ***100 रन भी नहीं बना पा रहीं टीमें:*** नासाउ की विकेट पर तेज गेंदबाज कहर बरपा रहे हैं। 03 जून को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रीलंकाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 77 रन पर ढेर हो गई। वहीं, भारत के खिलाफ 05 जून को आयरलैंड की टीम 96 रन ही बना सकी। इससे साफ है कि यहां बल्लेबाजों की राह आसान नहीं है।

### पूर्व दिग्गजों ने की आइसीसी की आलोचना...

***बेहद घटिया पिचें:*** दूसरे देशों में खेल ले जाना अच्छी बात है, लेकिन इस तरह की घटिया पिचों पर खेलना अस्वीकार्य है। आप विश्व कप में पहुंचने के लिए बेहद मेहनत करते हैं और फिर ऐसी पिचों पर खेलना पड़े तो बुरा लगता है।



**भारत** के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने नासाउ स्टेडियम की खराब पिच के लिए आइसीसी को लताड़ लगाई है।



***खेलने के लिए उपयुक्त नहीं:*** इस तरह की पिचें खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं हैं। यदि ऐसी पिचें भारत में होती तो लंबे समय तक उस मैदान पर कोई टीम नहीं खेलती। यह पिचें अच्छी नहीं हैं और आइसीसी को गंभीरता से सोचना होगा।

### हम कठिन परिस्थितियों से निपटने का रास्ता खोज रहे: राठौड़

**न्यूयॉर्क @ पत्रिका.** भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि टीम प्रबंधन 09 जून को पाकिस्तान के साथ होने वाले मैच से पहले नासाउ की चुनौतीपूर्ण विकेट से निपटने का तरीका खोजने में जुटी है। उन्होंने कहा, बल्लेबाजों के लिए यह बेहद चुनौतीपूर्ण विकेट है, लेकिन आपको यही खेलना है और इन कठिन परिस्थितियों से निकलने का रास्ता तलाशना है।

***हमारे बल्लेबाजों में कौशल:*** राठौड़ ने कहा, हमारे बल्लेबाजों के पास अनुभव है बल्कि रन बनाने का कौशल भी है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच ऐसा है, जहां पूरी टीम एकजुट होकर मैदान पर उतरेगी।



**बैडमिंटन**

### केंटा को हरा लक्ष्य सेन अंतिम आठ में



**जकार्ता @ पत्रिका.** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने अंतिम-16 में जापान के केंटा निशिमोतो को 21-9, 21-15 शिकस्त दी। यह केंटा पर उनकी तीन मैचों में दूसरी जीत है। अब लक्ष्य सेन का सामना डेनमार्क के 27 वर्षीय एंडर्स एंटोनसेन से होगा, जिन्होंने क्वार्टरफाइनल में थाइलैंड के कंताफोन वांगचारोन को 21-17-21-11 से हराया।

***महिला युगल में त्रिषा व गायत्री को मिली हार:*** महिला युगल में त्रिषा जॉली और गायत्री गोपीचंद को अंतिम-16 में जापान की मायु मात्सुमोतो और वाकाना नागाहारा से 21-19, 19-21, 19-21 से हार मिली।

**आज के मुकाबले**

**कनाडा VS आयरलैंड**

**प्रसारण:** रात 8.00 बजे से

स्थान: न्यूयॉर्क

**CROSSWORD 7007...**



**बाएं से दाएं...** 1. भाग जाना, नौ दो ग्यारह हो जाना (4), 4. रुक-रुक कर बोलना, अटक-अटक कर बोलना (4), 8. दैत्य, राक्षस (3), 10. पालित होना, पाला-पोसा जाना (3), 11. चांदी/सोने का पतला पत्तर जिसे मिठाई पर लगाते हैं (3), 12. इत्तला, सूचना, फिसलन (3), 14. कलंकित, लांछित (4), 16. पराजय (2), 17. रात्रि, निशा (2), 19. श्रीकृष्ण का एक नाम (4), 21. गिरवी (3), 23. निस्तेज, स्फूर्तिहीन (2-2), 25. लक्षण, निशान, चिह्न (3), 26. घृत, दुग्धसार (1), 27. बातचीत, वार्तालाप (4), 29. भयभीत होना, डरना (4), 30. वेतन, पगार (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. लालन-पालन (5), 2. जब-तब, कभी-कभार (4), 3. ईसाई सेविका (2), 5. छल, फरेब, धोखा (3), 6. पुत्र, रक्त वर्ण (2), 7. बहुविध, अनेक प्रकार का (4), 9. फलसिद्धि (4), 13. चिंता, फिक्र (4), 15. अमानत की रकम खा जाना (3), 18. बारिश, वर्षा (4), 20. प्रथा, परंपरा (2), 22. हिलना-डुलना, चेष्टा, हलचल (4), 24. पहले-पहल, सबसे पहले (4), 25. इज्जत, प्रतिष्ठा, सम्मान (3), 28. निम्न, तुच्छ (2), 29. साथ, संग (2)

**हल 7006**



**SUDOKU 6742...**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 6 | | |
| | 1 | 2 | | 9 | | | | 5 |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 9 | 4 | 2 | 3 | | |
| | 6 | 9 | 5 | | | 4 | 8 | |
| | | 5 | | | | | | 1 |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| 3 | 7 | | | | | | 6 | |

**हल 6741**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 5 | 4 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 5 |
| 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**निशानेबाजी:** म्यूनिख विश्व कप में भारत को दिलाया पहला स्वर्ण पदक

## सरबजोत ने 10मी एयर पिस्टल में जीता गोल्ड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**म्यूनिख.** सरबजोत सिंह ने गुरुवार को यहां आइएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत भारत का खाता खोला। भारतीय निशानेबाज ने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में 242.7 का स्कोर कर स्वर्ण जीता। चीन के बू शुआई हांग ने 0.2 अंक से पीछे रहते हुए रजत और जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य मिला। विश्व कप में सरबजोत का यह दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है।


सरबजोत सिंह, भारतीय निशानेबाज।

### महिलाओं में सिफ्त कौर फाइनल में

**महिलाओं** की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय निशानेबाज सिफ्त कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल 593 का स्कोर बनाकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, महिलाओं की एयर पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान ने निराश किया और वह 575 अंकों संग 17वें स्थान पर रहीं।

**टी-20 विश्व कप:** मेजबान अमरीकी टीम ने सुपर ओवर में जीता मुकाबला

## अमरीका ने पाक को हराकर किया उलटफेर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**डलास.** अमरीका ने गुरुवार को आइसीसी टी-20 विश्व कप का पहला बड़ा उलटफेर किया और ग्रुप-ए में पाकिस्तान को सुपर ओवर में शिकस्त दे दी। पाक ने 7 विकेट पर 159 रन बनाए थे। जवाब में अमरीका ने भी तीन विकेट पर 159 रन बनाए। सुपर ओवर में अमरीका ने 18 रन बनाए, जबकि पाक टीम सिर्फ 13 रन ही बना सकी। यह अमरीका क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी जीत है, जो पहली बार विश्व कप खेल रही है।


अमरीका संग मैच के दौरान पाक खिलाड़ी।

***प्लेयर ऑफ द मैच:*** अमरीकी टीम की जीत के हीरो कप्तान मोनांक पटेल रहे, जिन्होंने 38 गेंदों में 50 रन ठोके। उन्होंने सात चौके व एक छक्का लगाया। वहीं आरोन जोंस ने दो चौके और दो छक्के संग नाबाद 36 रन बनाए।

**फ्रेंच ओपन टेनिस //** महिला एकल के सेमीफाइनल में हारकर बाहर हुईं अमरीका की कोको गॉफ और रूसी खिलाड़ी मीरा एंड्रिव


इगा स्विटेक

# गत चैंपियन स्विटेक को खिताबी मुकाबले में चुनौती देंगी जैस्मीन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पेरिस.** दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्विटेक ने गुरुवार को महिला एकल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब शनिवार को वह खिताब बचाने के लिए इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाउलोनी के खिलाफ उतरेंगी, जिन्होंने पहली बार किसी ग्रैंड स्लेम के फाइनल में जगह बनाई है। स्विटेक की नजरें लगातार तीसरी और कुल चौथी बार यहां खिताब जीतने पर होगी। वहीं, जैस्मीन अपना पहला ग्रैंड स्लेम जीतने उतरेंगी।

**03** बार फ्रेंच ओपन खिताब अब तक जीत चुकी हैं स्विटेक

**01** बार किसी ग्रैंड स्लेम के फाइनल में पहुंची जैस्मीन

### कोको गॉफ पर 11वीं जीत दर्ज की

**स्विटेक** ने सेमीफाइनल में तीसरी वरीय अमरीकी खिलाड़ी कोको गॉफ के खिलाफ अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखा और बेहद आसानी से 6-2, 6-4 से जीत हासिल कर ली। यह स्विटेक की कोको गॉफ के खिलाफ 12 मैचों में 11वीं जीत थी। यही नहीं, स्विटेक ने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में कभी नहीं हारने का रेकॉर्ड भी कायम रखा। इस मैच में स्विटेक ने शुरू से ही अपना दबदबा कायम रखा।

***मीरा का सुनहरा सफर खत्म*** दूसरे सेमीफाइनल में इटालियन खिलाड़ी जैस्मीन ने रूस की 17वीं वरीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा को 6-3, 6-1 से हराकर उनका सुनहरा सफर खत्म किया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लेम के फाइनल में पहुंचने के बाद खुश जैस्मीन ने कहा कि यह मेरे लिए किसी सपने की तरह है। अब मेरी कोशिश अपना पहला ग्रैंड स्लेम जीतने पर होगी।


जैस्मीन।

**निराशाजनक :** पुरुष युगल में मिली हार

## बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी सेमीफाइनल में हारकर बाहर



**पेरिस.** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना का सफर फ्रेंच ओपन में खत्म हो गया। बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी को पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी वरीय जोड़ी को 11वीं वरीय इटालियन जोड़ी एंड्रिया वावास्सोरी और सिमोन बोलेली के खिलाफ तीन सेट तक चले मैच में 5-7, 6-2, 2-6 से हार झेलनी पड़ी है।

# मंगल मिशन की आस...



# स्टारशिप का चौथा टेस्ट सफल

**वाशिंगटन@पत्रिका.** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के बनाए दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप का गुरुवार को हुआ चौथा टेस्ट सफल रहा। दावा है कि पूरी तरह से रीयूजेबल स्टारशिप सिस्टम भविष्य में 100 लोगों को एक साथ मंगल ग्रह पर ले जा सकेगा। टेक्सास के बोका चिका से लगभग 400 फीट के रॉकेट को लॉन्च किए जाने के बाद इसे अंतरिक्ष में ले जाया गया और अंत में मैक्सिको की खाड़ी में सफल लैंडिंग कराई गई। लक्ष्य यह देखना था कि कि स्टारशिप पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश के दौरान बच पाता है या नहीं। स्टारशिप के इससे पहले के तीन प्रयास विफल रहे थे।





*टैक्सास के बोका चिका से लॉन्च हुआ स्टारशिप। यात्रा लगभग एक घंटे पांच मिनट तक चली। रॉकेट की मैक्सिको की खाड़ी में सफल लैंडिंग के लाइव प्रसारण को देखने के दौरान जश्न मनाते हुए लोग।*

## पत्रिका पोल

Q नई सरकार को क्या घटक दलों के दबाव में अग्निपथ योजना में बदलाव करना चाहिए?

**कल का सवाल था**

क्या केंद्र में बनने जा रही गठबंधन सरकार के सभी घटक दल पांच साल तक एकजुट रह पाएंगे?

जवाब: 43% हां, 57% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### कश्मीर | छात्र की ईशनिंदा पोस्ट पर मामला दर्ज

**श्रीनगर @ पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) श्रीनगर के एक गैर-स्थानीय छात्र की कथित ईशनिंदा पोस्ट पर परिसर में विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस की यह कार्रवाई तब हुई है जब जीएमसी श्रीनगर ने एक कथित ईशनिंदा पोस्ट पर तनाव के बीच स्नातक पाठ्यक्रमों की कक्षाएं तीन दिनों के लिए निलंबित कर दी थीं।

### दिल्ली | तिहाड़ में 'गैंगवॉर', एक को सुआ घोपा

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** तिहाड़ जेल में दो गिरोहों के कैदियों के बीच हुए झगड़े में एक कैदी को नुकीला सुआ घोपकर घायल कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी हितेश घायल हुआ है। जेल के अंदर बुधवार सुबह गोगी गिरोह के सदस्य हितेश और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो अन्य सदस्यों के बीच झगड़ा हुआ था। इस बीच हितेश को बर्फ तोड़ने वाला सुआ घोप दिया गया।

### बिहार | पटना-झारखंड पैसेंजर ट्रेन में लगी आग



**लखीसराय** में पटना-झारखंड पैसेंजर ट्रेन में गुरुवार को आग से तीन बोगिया जल गईं। मेमू किउल फ्लेटफॉर्म नंबर 5 पर खड़ी थी। अचानक इससे धुआं उठने लगा, लोग तुरंत उतर गए। कोई हताहत नहीं हुआ है।

### दिल्ली | 'मुआवजा, सजा घटाने का आधार नहीं'

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि पीड़ित को मुआवजा देना सजा कम करने का आधार नहीं हो सकता। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि सजा कम करने को मुआवजे विकल्प बन जाता है, तो इसका आपराधिक न्याय व्यवस्था पर 'गंभीर' प्रभाव पड़ेगा। पीड़ित को मुआवजा देना दंडात्मक उपाय नहीं है और इसकी प्रकृति केवल प्रतिपूरक है।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### इक्वाडोर | सेना के कब्जे में जेल, कैदियों की परेड



इक्वाडोर के पोर्टोविजो की एल रोडियो जेल में सैनिकों द्वारा तलाशी के दौरान अपने सिर पर हाथ रखकर बैठे कैदी। मनाबी प्रांत में हत्याओं के सिलसिले में सैनिकों जेल पर कब्जा कर पूछताछ कर रहे हैं।

### मेक्सिको | ट्रेन के साथ सेल्फी, युवती की मौत

**मेक्सिको सिटी @ पत्रिका.** मेक्सिको में सेल्फी लेने के दौरान ट्रेन के बहुत करीब आ जाने से एक युवती की मौत हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हिडाल्गो के पास भाप इंजन वाली एक पुरानी ट्रेन की तस्वीर लेने के लिए एकत्र हुए लोगों में 'एम्प्रेस' नामक एक 20 वर्षीय युवती भी थी। सेल्फी लेने के दौरान वह पटरियों के बहुत करीब आ गई। ट्रेन की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### श्रीलंका | भाई ने कबूला, लिट्टे संस्थापक मर चुका

**कोलंबो @ पत्रिका.** लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के संस्थापक वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई वेलुपिल्लई मनोहरन ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि उसका भाई और उसका पूरा परिवार 2009 में मारा गया था।

### कनाडा | भारत को बताया चीन के बाद बड़ा खतरा

**ओटावा @ पत्रिका.** कनाडा की एक उच्च स्तरीय संसदीय समिति ने भारत को 'दूसरा सबसे बड़ा विदेशी खतरा' बताया है। इसमें पहले नंबर पर चीन को रखा गया है। कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया संसदीय समिति ने इस सप्ताह अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत अब रूस को हटाकर कनाडा की लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं के लिए चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा विदेशी हस्तक्षेप वाला खतरा बनकर उभरा है।

**जैसे को तैसा:** मोदी के तीसरे कार्यकाल में चीन के प्रति आक्रामकता की तैयारी

# ड्रेगन को जवाब, अब भारत बदलेगा तिब्बती क्षेत्र के 30 से ज्यादा नाम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत अब चीन की हरकतों का जवाब जैसे को तैसा वाली रणनीति के तहत देने जा रहा हैं। इसके संकेत उस समय मिले जब ताइवानी राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बधाई संदेश का जवाब पीएम नरेंद्र मोदी ने भी पूरी गर्मजोशी से देते हुए दोनों देशों में घनिष्ठ संबंधों के प्रति आश्वस्त किया। इस पर चीन की तीखी प्रतिक्रिया आई है। पर सूत्रों का कहना है कि यह तो बस शुरुआत है। पीएम मोदी के शपथ ग्रहण के बाद भारत अब चीन को तिब्बत मुद्दे पर भी घेरने का मन बना चुका है। इसके लिए भारत अब तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में करीब दर्जन 30 से अधिक स्थानों के नाम बदलने की आक्रामक योजना बना रहा है। भारत का यह कदम चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में कई स्थानों के नाम बदलने की कुटिल चाल का जवाब माना जा रहा है। भारतीय सैन्य स्रोतों ने तिब्बत के कई अहम स्थानों के नए नामों की पूरी सूची तैयार कर ली है और नई सरकार के सत्ता में आने के तुरंत बाद ही सूची जारी की जा सकती है।

पीएम मोदी ने पिछले 10 साल के कार्यकाल में अपनी मजबूत नेता की छवि खड़ी की है। ऐसे में स्वाभाविक है कि वह उस छवि को बनाए रखने के लिए तिब्बती स्थानों के नाम बदले जाने को अधिकृत करेंगे।



### नाम बदलने के लिए व्यापक शोध

**गौरतलब** है कि चीन अपने छद्म नामकरण अभियान के तहत अरुणाचल को जांगनान या दक्षिणी तिब्बत कहता है। अब भारत ने तिब्बती पर चीन के दावे पर सवाल खड़ा करते हुए उनका नाम बदलने की रणनीति अपनाई है। पहले चरण में व्यापक शोध करके 30 से ज्यादा तिब्बती शहरों, नदियों, झीलों, दर्रा, पर्वतों, मैदानों के चीनी नामों को गलत साबित किया जाना है, जिसके लिए कोलकाता की ब्रिटिशकालीन एशियाटिक सोसाइटी जैसे शीर्ष शोध संस्थानों का सहयोग लिया गया है। साथ ही इनके नए नाम दिए जाने हैं। इसके लिए व्यापक शोध पर आधारित नए नामों की सूची तैयार है। ऐतिहासिक अभिलेखों से संबंधित स्थानों के प्राचीन नामों को भारतीय भाषाओं में तैयार किया गया है। यह सूची जल्द ही मीडिया के माध्यम से ग्लोबल अभियान के तहत जारी कर तिब्बत के सवाल को वैश्विक चिंताओं के केंद्र में लाया जाएगा।

### जमीन से जुटाए गए हैं सबूत

**नामकरण** के साथ अपने दावे की जमीनी साक्ष्य पेश करने की भी तैयारी है। इसके लिए हाल के हफ्तों में भारतीय सेना ने इन विवादित सीमा क्षेत्रों में मीडिया के बहुत से दौरे आयोजित किए हैं। पत्रकारों की स्थानीय लोगों से बात कराई गई है जो चीनी दावों का कड़ा विरोध करते हैं और कहते हैं कि वे हमेशा भारत का हिस्सा थे। अंतिम लक्ष्य ऐसा भारतीय नैरेटिव खड़ा करना है जो ठोस ऐतिहासिक शोध और स्थानीय आवाजों पर आधारित है।

### चीन को घेरने की हो चुकी शुरुआत

चीन को उसके ही खेल में घेरने की शुरुआत हो चुकी है। पीएम मोदी ने ताइवानी राष्ट्रपति के बधाई संदेश के जवाब में लिखा, लाई चिंग-ते, मैं आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद करता हूं। साथ ही ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं, क्योंकि हम पारस्परिक रूप से लाभप्रद आर्थिक और तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम कर रहे हैं। इस पर चीन की तीखी प्रतिक्रिया आई है। पीएम मोदी की प्रतिक्रिया को चीन भारत-ताइवान के बीच राजनयिक संबंध बढ़ाने का संदेश मान रहा है।

### चीनी राष्ट्रपति ने नहीं दी है बधाई

**पीएम** मोदी के जवाब के मद्देनजर, चीनी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता माओ निंग ने गुरुवार को कहा, विश्व में केवल एक ही चीन है। भारत की एक-चीन सिद्धांत के संबंध में गंभीर प्रतिबद्धताएं हैं और उसे ताइवान अधिकारियों की कूटनीतिक साजिशों के प्रति सतर्क रहते हुए एक-चीन सिद्धांत का उल्लंघन करने वाले कार्यों से बचना चाहिए। गौरतलब है कि, दुनिया के लगभग सभी विश्व नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है, लेकिन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अभी तक कोई बधाई संदेश नहीं दिया है।

## पत्रिका एक्सप्लेन

# विदेशी ठग कैसे कर रहे ऑनलाइन स्कैम?

*बड़ी संख्या में भारतीय इंटरनेट से की जाने वाली वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। आम तौर पर यह धोखाधड़ी दक्षिण-पूर्व एशिया के तीन देशों म्यांमार, लाओस और कंबोडिया से हो रही है। भारत में इस साल जनवरी से अप्रेल तक ऐसी धोखाधड़ी के 46 प्रतिशत मामले में अपराधी इन तीन देशों के ही पाए गए। जिसमें पीड़ितों ने 1,776 करोड़ रुपए खो दिए। विदेश में बैठे अपराधी किस तरह भारतीयों को ऑनलाइन ठगी का बना रहे शिकार, एक नजर।*

### क्या है ऑनलाइन ठगी

**इंटरनेट** की मदद से किसी की व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी लेकर लोगों को ठगा जाता है। यह ठगी अक्सर फिशिंग ईमेल, नकली वेबसाइट, सोशल मीडिया मैसेज या यहां तक कि फोन कॉल के रूप में होती हैं। ऑनलाइन ठगी के कारण पहचान का गलत इस्तेमाल, वित्तीय नुकसान और कई अन्य अन्य नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने इन तीन देशों से होने वाली धोखाधड़ी की चार संभव श्रेणियों की पहचान की है।

### चार तरीकों से बनाते हैं शिकार

1. **ट्रेडिंग** स्कैम में सोशल मीडिया से विज्ञापन जारी कर मुफ्त ट्रेडिंग टिप्स देने के झासे से मोबाइल ऐप डाउनलोड करवाकर उस पर राशि निवेश करवाई जाती है, मुनाफा दिखाया जाता है और जब पीड़ित राशि निकलवाना चाहता है तो उसे झांसे में लेकर और रकम ले ली जाती है।
2. **डिजिटल** अरेस्ट में अनजान नंबर से कॉल आता है जिसमें पीड़ित पर तस्करी, ड्रग्स आदि के आरोप लगाकर कहा जाता है कि अब वे डिजिटली अरेस्ट हो गए है और मुक्त करने के लिए पैसे की डिमांड की जाती है।
3. **इंवेस्टमेंट** स्कैम में विदेशी नंबर से वॉट्सऐप पर घर बैठे कमाए पैसे जैसे मैसेज आते हैं, यूट्यूब व गूगल पर कुछ रेटिंग करने के लिए कहा जाता है। बाद में प्री-पेड काम में भाग लेने का कह कर रकम ठग ली जाती है।
4. डेटिंग स्कैम, यह हनी ट्रैप की तरह है, जिसमें शादी का झांसा देकर पैसे ठग लिए जाते हैं।

**प्रस्तुति: अंजली शर्मा**

### मंत्री नागेंद्र ने दिया दिया इस्तीफा

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** सरकारी कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से अवैध रूप से धन हस्तांतरण को लेकर उपजे विवादों के बीच अनुसूचित जनजाति कल्याण, युवा सशक्तिकरण और खेल मंत्री बी. नागेंद्र ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में इस्तीफा देने वाले वे पहले मंत्री हैं।

## खोलो ताले: गाजा में बंधक लोगों को छुड़वाने की अपील




**लंदन.** इजरायल-गाजा जंग के बीच लवलॉक होस्टेज ब्रिज पर अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने गाजा में हमास के बंधक बनाए गए लोगों के साथ एकजुटता जताते हुए संदेश लिखे ताले सजाए हैं। यह 20 जून तक प्रदर्शित रहेंगे।

## ऑपरेशन ब्लूस्टार: स्वर्ण मंदिर में जुटे लोग

**अमृतसर** में गुरुवार को ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी पर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान सिख पंथ के श्रद्धालुओं ने अरदास की और नारे लगाए।



## ट्रेंडिंग न्यूज



### रूस की पश्चिमी देशों को धमकी

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों को चेतावनी देते हुए कहा, रूस का परमाणु सिद्धांत अनुमति देता है कि संप्रभुता को खतरा पैदा होने पर रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करे।

### अंतरिक्ष यान उड़ाने वालीं पहली महिला

**भारतीय** मूल की सुनीता विलियम्स ने स्टारलाइनर से अंतरिक्ष में तीसरी बार उड़ान के साथ ही एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इसी के साथ स्पेस मिशन पर अंतरिक्ष यान उड़ाने वाली पहली महिला होने का अनोखा रेकॉर्ड उनके नाम दर्ज हो गया है।



### ट्रूडो ने इस तरह दी मोदी को बधाई

**निज्जर** हत्याकांड को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में आई तल्खी के बीच प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने नरेंद्र मोदी को जीत की बधाई देते हुए कहा है कि कनाडा मानवाधिकार और कानून के शासन के लिए उनकी सरकार के साथ काम करने को तैयार है।



# दुनिया में हर चौथा बच्चा गंभीर रूप से खाद्य गरीबी का शिकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** दुनिया भर में 5 वर्ष से कम उम्र के लगभग 18.1 करोड़ बच्चे गंभीर खाद्य गरीबी का सामना कर रहे हैं। यूनिसेफ रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर के करीब 27 फीसदी बच्चे ऐसे हैं जिन्हें जरूरी पोषक आहार नहीं मिल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर बाल खाद्य गरीबी से तात्पर्य उन बच्चों से है जो पोषण रहित आहार पर जीवित रहते हैं और वे केवल दो या उससे कम पोषक खाद्य श्रेणी का ही भोजन कर पाते हैं। ऐसे 65 फीसदी कुपोषित बच्चे भारत समेत दुनिया के 20 देशों में हैं।

***अमीर घरों में भी 23% बच्चे गंभीर खाद्य गरीबी का शिकार:*** वैश्विक स्तर पर, सबसे गरीब घरों में गंभीर बाल खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चों का प्रतिशत 35 और सबसे अमीर घरों में रहने वाले बच्चों का प्रतशित 23 आंका गया है। इससे

### यूनिसेफ ने जारी किए बच्चों में कुपोषित खाने के मानदंड

यूनिसेफ की सिफारिश है कि छोटे बच्चों को प्रतिदिन 8 मुख्य खाद्य समूहों में से कम से कम 5 खाद्य समूह रोजाना खाना चाहिए। इससे कम श्रेणी का अहार होने पर वह बच्चा कुपोषित श्रेणी में आ जाता है।

1. मां का दूध
2. अनाज, जड़ें (गाजर, चुकंदर, आलू, लहसुन), कंद और केले
3. दालें, मेवे और बीज
4. डेयरी उत्पाद
5. मांस, मुर्गी और मछली
6 अंडे
7. विटामिन ए युक्त फल व सब्जियां
8. अन्य फल और सब्जियां



**44 करोड़ बच्चे रह रहे खाद्य गरीबी में:** यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 100 निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहने वाले पांच वर्ष से कम आयु के करीब 44 करोड़ बच्चे खाद्य गरीबी में रह रहे हैं।

### दक्षिण एशियाई देशों में बाल खाद्य गरीबी

| देश | भीषण खाद्य गरीबी | मध्यम खाद्य गरीबी |
|---|---|---|
| अफगानिस्तान | 49% | 37% |
| भारत | 40% | 36% |
| पाकिस्तान | 38% | 47% |
| बांग्लादेश | 20% | 46% |
| नेपाल | 8% | 44% |
| मालदीव | 6% | 23% |
| श्रीलंका | 5% | 17% |
| दक्षिण एशिया | 38% | 39% |

### दुष्चक्र: कुपोषण का असर

पांच साल से छोटे बच्चों को उचित भोजन नहीं मिलने से कुपोषण जनित दुर्बलता हो सकती है, जो असामान्य रूप से दुबलापन की घातक स्थिति है। जीवित रहने पर ये बच्चे बड़े तो हो जाते हैं, पर वे आगे नहीं बढ़ पाते।

## टॉपिक एक्सपर्ट

### गंभीर खतरे में 50 फीसदी बच्चे

बच्चे प्रतिदिन केवल दो खाद्य समूहों का सेवन करते हैं, जैसै चावल और थोड़ा दूध, उनमें कुपोषण के गंभीर रूपों का अनुभव होने की संभावना 50 प्रतिशत तक अधिक होती है। मानव शरीर की सभी महत्वपूर्ण प्रणालियां, जो विकास के लिए और रोगों से सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, ये सभी विटामिन, खनिज और प्रोटीन पर निर्भर करती हैं।

**- कैथरीन रसेल,** *यूनिसेफ प्रमुख*

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''